# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 2 नवंबर 2026



सिर्फ़ आनंद ज्वेल्स पर

फ़ायदा ही फ़ायदा

सच्चे भाव के साथ





999.9 Purest Silver Coins from MMTC-PAMP

Valet Parking

aNAND®

Jewels

Indore | Bhopal | Raipur



24K 999.9 Purest Gold Coins from MMTC-PAMP

*T&C apply



# विपक्ष ने दिखाई ताकत...

*नई दिल्ली। रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली में विपक्ष ने एकजुटता की ताकत दिखाई। मंच पर गठबंधन के घटक दलों के नेता एक साथ मौजूद थे तो रैली में विभिन्न दलों के कार्यकर्ता और समर्थक अपने-अपने दलों के झंडों के साथ डटे रहे। नेताओं के भाषणों के दौरान लगातार नारे गूंजते रहे और तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही। रैली का माहौल केवल आयोजन स्थल तक सीमित नहीं था, बल्कि आसपास के इलाके में भी राजनीतिक सरगर्मी दिखाई दी।*
















### वर्ल्ड बैंक रिपोर्ट का दिया हवाला, कहा- गरीबी में गिरावट ऐतिहासिक उपलब्धि

# मोदी बोले- गरीबी हटाना सिर्फ नारा नहीं, हमारी प्रतिबद्धता और संकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में गरीबी कम करने की दिशा में हुई प्रगति को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश में अत्यधिक गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट आई है और करोड़ों लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए विश्व बैंक की रिपोर्ट के निष्कर्ष साझा किए। उन्होंने लिखा, 'गरीबी में ऐतिहासिक गिरावट, अवसरों में पीढ़ीगत वृद्धि।' पोस्ट में एक अन्य संदेश में कहा गया कि 'गरीबी हटाओ' उनके लिए कभी केवल नारा नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता रही है। विश्व बैंक के मुताबिक, पिछले एक दशक में भारत ने आर्थिक और गैर-आर्थिक, दोनों स्तरों पर गरीबी घटाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की 'इंडिया पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 में 27.1 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई।



### गरीबी से बाहर आए 49.6 करोड़ लोग

रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि इस अवधि में लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। रिपोर्ट में अत्यधिक गरीबी के आकलन के लिए प्रतिदिन तीन डॉलर और निम्न-मध्यम आय वर्ग की गरीबी के लिए 4.20 डॉलर की सीमा निर्धारित की गई है। ये आंकड़े 2021 की क्रय शक्ति समता पर आधारित हैं।

### रोजगार के 13.4 करोड़ नए अवसर बने

मोदी ने कहा कि पिछले 6 साल में रोजगार के 13.4 करोड़ नए अवसर बने हैं। यह संख्या कामकाजी उम्र की आबादी में हुई बढ़ोतरी से करीब दोगुनी है। उन्होंने देश में आर्थिक असमानता कम होने की बात भी कही। मोदी ने कहा कि वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत में दुनिया में सबसे तेजी से गरीबी कम हुई है। उन्होंने आर्थिक असमानता मापने वाले गिनी इंडेक्स का भी जिक्र किया।

### बुनियादी सुविधाओं में भी हुआ सुधार

गरीबी में कमी सिर्फ कमाई तक सीमित नहीं रही। लोगों के रहन-सहन और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच में भी सुधार हुआ है। ऑक्सफोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 2005-06 में देश की 53.8% आबादी इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित थी। 2019-21 तक यह आंकड़ा घटकर 16.4% रह गया। वहीं, वर्ल्ड बैंक के पैमाने के अनुसार 2022-23 में नॉन-मॉनेटरी गरीबी घटकर 15.5% रह गई।

### अभी भी देश के सामने खड़ी हैं चुनौतियां

वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, गरीबी घटने के बावजूद देश में कई चुनौतियां बनी हुई हैं। भारत के कुल गरीबों में से करीब 57% उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल के बीच के इलाकों में रहते हैं। इन क्षेत्रों में रोजगार के नए और बेहतर अवसर पैदा करना जरूरी है। युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी: युवाओं में बेरोजगारी की दर 14.6% से बढ़कर 15.9% हो गई है। इनमें ग्रामीण युवा महिलाओं की संख्या ज्यादा है। कमाई में बड़ा सुधार नहीं: लोगों को रोजगार तो मिला, लेकिन उनकी आमदनी में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई।

### गरीबी घटने की तीन वजह : खपत बढ़ी, महिलाओं को मिला रोजगार

**लोगों की खरीदने की क्षमता बढ़ी:** आम लोगों की कमाई और खर्च करने की क्षमता में सुधार हुआ है।
**ग्रामीण महिलाओं को काम मिला:** 2017 से 2023 के बीच करीब 13.4 करोड़ नए रोजगार के अवसर बने। इनमें ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रही। कई महिलाएं पहली बार कमाई वाले कामों से जुड़ीं।
**सरकारी योजनाओं से मदद:** मुफ्त राशन और सीधे बैंक खातों में पैसे भेजने जैसी योजनाओं से गरीब परिवारों को सहारा मिला।




### हवाई यात्रा का बदलेगा अंदाज

# सात हवाई अड्डों पर ई-पासपोर्ट से तत्काल प्रवेश हुआ शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजी यात्रा ने इस महीने से भारत के 7 बड़े हवाई अड्डों पर अपनी डिजिटल पहचान प्रणाली का ट्रायल शुरू कर दिया है। यह ट्रायल दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा। जो भी भारतीय नागरिक ई-पासपोर्ट रखते हैं और एयर इंडिया या इंडिगो की चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से विदेश जा रहे हैं, वे अब हवाई अड्डे पर अपनी पहचान डिजिटल तरीके से जांच करवा सकते हैं। इससे उनकी यात्रा प्रक्रिया पहले से कहीं ज्यादा सुगम बन जाएगी।

### इन हवाई अड्डों पर शुरू हुआ ट्रायल

ये ट्रायल दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोचीन और अमृतसर हवाई अड्डों पर हो रहे हैं। जिन भारतीय नागरिकों के पास ई-पासपोर्ट है, वे एयर इंडिया और इंडिगो की कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए डिजी यात्रा मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करके ई-पासपोर्ट से जुड़ा वेरिफायबल क्रेडेंशियल बना सकते हैं। इसकी मदद से यात्री एंट्री पॉइंट और बोर्डिंग गेट से तेजी से निकल पाएंगे, हालांकि उन्हें अपने पारंपरिक यात्रा दस्तावेज साथ रखने होंगे। इन ट्रायल से मिलने वाली जानकारियों के आधार पर 2027 में इस सुविधा का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा।

## नए वायुसेना प्रमुख ने दिया 'वायु' मंत्र

# नई तकनीकों और प्रणालियों से बदल रहा है युद्ध का स्वरूप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कल नए वायु सेना प्रमुख का पद संभाला था। आज परेड ग्राउंड में सलामी लेने के बाद उन्होंने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में 'वायु' यानी वीएवाययू दृष्टिकोण के तहत वायु सेना के लिए अपनी प्राथमिकताओं की रूपरेखा पेश की। उन्होंने कहा, हमारी सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियां अभी भी गंभीर बनी हुई हैं। ड्रोन और लंबी दूरी तक सटीक हमला करने वाले हथियारों जैसी नई तकनीकों और प्रणालियों से युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने कहा, हमारी प्राथमिकताओं को एक शब्द वायु यानी वीएवाययू में समेटा जा सकता है। वी का मतलब विजिलेंस, विक्ट्री और रेडीनेस (सतर्कता, जीत और तत्परता) है। हर स्क्वाड्रन, हर रडार, हर एयर डिफेंस यूनिट और हर जवान को किसी भी समय जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। ए का मतलब आत्मनिर्भरता है। तेजस एमके-1ए और एमके-2, एएमसीए, भारतीय सेंसर और स्वदेशी हथियार हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकताएं हैं।



### दीक्षित बोले- वायु का मतलब

एयर चीफ मार्शल ने कहा वायु का मतलब युक्ति है। यानी हमारी सोच, विचार रणनीति और तकनीक में नवाचार। एआई-आधारित कमान एवं नियंत्रण प्रणाली, ड्रोन के खिलाफ कई स्तरों वाली रक्षा व्यवस्था सहित अन्य स्तरों की लगातार समीक्षा। यू का मतलब सामूहिक प्रयास और एकजुटता है। हम थलसेना, नौसेना और एजेंसियों के साथ मिलकर योजना बनाएंगे और एकजुट होकर काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस में हिंसा, जर्मनी के कई शहरों में झड़पें व लूटपाट



**पेरिस।** फ्रांस में बढ़ती महंगाई के खिलाफ शनिवार को हुए व्यापक प्रदर्शनों के दौरान पिछले दो सप्ताहांत की तुलना में कम हिंसा हुई, जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। हालांकि, सोमवार को विद्यालयों के दोबारा खुलने के बाद और प्रदर्शन होने की आशंका है। इस बीच, जर्मनी में शनिवार को देशव्यापी प्रदर्शनों के बाद कुछ शहरों में हिंसा भड़क गई और दंगाइयों ने पुलिस पर हमले करने के साथ दुकानों में लूटपाट की। यूरोप के विभिन्न देशों में युवाओं से प्रेरित प्रदर्शनों में शनिवार को लाखों लोगों ने हिस्सा लिया।

### देसी बम विस्फोट में दो मृत, सात घायल

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में रविवार को जंगली सूअरों के शिकार के लिए बनाए गए देसी बमों में विस्फोट होने से दो बच्चों की मौत हो गई वहीं सात लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोग शिकार पर निकलने की तैयारी कर रहे थे, तभी ये देसी बम फट गए। उन्होंने कहा कि इस विस्फोट में दो बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए बाद में जिनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, /"घायलों की चोटें जानलेवा नहीं है। जंगली सूअरों का शिकार करना और इस तरह के देसी बम बनाना गैरकानूनी है। पुलिस द्वारा इस मामले में विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## विमान सुबह दिल्ली रवाना

### करीब दो घंटे रुका था विमान

# खराब मौसम के कारण दिल्ली काठमांडू फ्लाइट लखनऊ में उतरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

काठमांडू में खराब मौसम के कारण दिल्ली से जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा। विमान रविवार देर रात चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

मौसम में सुधार के बाद विमान सुबह 3:31 बजे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-223 (एयरबस ए320) ने रविवार, 1 नवंबर की रात 1:19 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। विमान का पंजीकरण नंबर वीटी-ईडीई था। काठमांडू में मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण विमान के निर्धारित गंतव्य पर उतरने में परेशानी आ रही थी। इसे देखते हुए उड़ान को लखनऊ भेजने का निर्णय लिया गया।




लखनऊ एयरपोर्ट पर करीब दो घंटे रुकने के बाद मौसम की स्थिति अनुकूल होने पर विमान सुबह 3:31 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ।

## मंदसौर में 21 लाख का मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को मंदसौर में 21 लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने इस कार्रवाई में एक किलो अल्प्राजोलम और 500 ग्राम अफीम बरामद की। कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लाख रुपये मूल्य का एक किलोग्राम अल्प्राजोलम और करीब एक लाख रुपये मूल्य की 500 ग्राम अफीम बरामद की है। उन्होंने बताया कि मामले में नारायणगढ़ थाना अंतर्गत गोपालपुरा के निवासी समीर शेख (28) और नीमच जिले के मनासा के नूरी कॉलोनी के रहने वाले शाहरुख को गिरफ्तार किया गया है।

## मणिपुर में दो हिंसक घटनाएं

# तीन कुकियों और लापता दो युवकों सहित 5 की हत्या

एजेंसी ▶▶| इम्फाल

मणिपुर में शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। नोनी जिले के केकरू नगा गांव में दो हथियारबंद गुटों के बीच कई घंटे तक गोलीबारी हुई। इसमें कुकी समुदाय के 3 लोगों की जान चली गई। वहीं, कांगपोकपी जिले में 29 अक्टूबर से लापता दो युवकों के शव रविवार को मिले। दोनों युवक ताफौ कुकी गांव से लापता हुए थे। पहाड़ी इलाके में मिले शवों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने कहा कि इलाके में हालात काबू में रखने के लिए जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस साल मणिपुर में हिंसा से जुड़ी घटनाओं में करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है।



**इम्फाल में मैतेई संगठनों ने निकाली रैली :** मणिपुर की राजधानी इम्फाल में शनिवार को मैतेई संगठनों ने रैली निकाली। इसमें स्थानीय लोगों की सुरक्षा और कुकी उग्रवादी समूहों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौता रद्द करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने 'सेव मणिपुर' लिखे पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं। इन पर 'हमें शांति और न्याय चाहिए' और समझौता रद्द करो' जैसे नारे लिखे थे।

### केकरू नगा गांव में हुआ विरोधी गुटों में टकराव

पुलिस ने बताया कि नोनी जिले के केकरू नगा गांव में शनिवार सुबह दो विरोधी गुटों में टकराव हो गया और कई घंटे तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं। कुकी समुदाय के संगठन कुकी इनपी मणिपुर ने नगा उग्रवादी गुटों पर हत्या का आरोप लगाया है। संगठन ने सरकार से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है।

### लापता युवकों के शव पहाड़ी पर मिले

कांगपोकपी जिले के ताफौ कुकी गांव से दो युवक 29 अक्टूबर को लापता हो गए थे। उनकी तलाश के लिए मणिपुर पुलिस व सेना की इकाईयां संयुक्त अभियान चला रही थीं। रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के पूर्व में पहाड़ी इलाके में दोनों के शव मिले।

## सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे में किया स्वीकार, कहा- जांच जारी है

# सरकार ने माना दवाओं पर वसूला जाता है 700% तक लाभ, इसके खिलाफ कदम उठाएंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निजी अस्पतालों में दवा और जांच के नाम पर मनमानी वसूली पर जल्द लगाम लग सकती है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार किया है कि अस्पताल मरीजों से दवाओं और सामग्रियों पर ज्यादा एमआरपी वसूलते हैं। अपने हलफनामे में सरकार ने कहा कि वह इस समस्या से अवगत है, इसकी जांच कर रही है और सभी संबंधित पक्षों से सलाह लेकर उचित कदम उठाने की योजना बना रही है।

**सरकार ने कहा- मरीजों से वसूली जा रही ज्यादा कीमत :** हलफनामे में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों के सामने मरीजों की मोलभाव करने की स्थिति बहुत कमजोर होती है, जिसका फायदा उठाकर कई तरह की गलत प्रथाएं अपनाई जाती हैं। हलफनामे में जिक्र किया गया है कि भारत में सस्ती दवाएं बनाने वाली कंपनियां मौजूद हैं, फिर भी मरीजों को दवाओं की निर्माण लागत से कहीं ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है और अस्पताल उनसे जरूरत से ज्यादा पैसे वसूलते हैं। हलफनामे में कहा गया है कि अस्पताल उन निर्माताओं से दवाएं खरीदते हैं, जो सबसे ज्यादा मार्जिन देते हैं। अस्पताल इन दवाओं को एमआरपी पर बेचते हैं, जिसमें 170 से 700 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा मार्जिन होता है। सरकार ने कहा, चिंता का एक और विषय अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की आपूर्ति है। यहां 100 से लेकर 1000 प्रतिशत का मार्जिन आम बात है। अस्पताल ऐसी सामग्री खरीदते हैं जिनकी एमआरपी और मार्जिन बहुत ज्यादा होती है।



### मरीज की मोलभाव की क्षमता काफी कम

सरकार ने कहा, भारतीय दवा बाजार काफी प्रतिस्पर्धी है, जहां हर तरह की दवाओं के सेगमेंट में कई कंपनियां मौजूद हैं। आमतौर पर, जहां काफी प्रतिस्पर्धा होती है, वहां कीमतों को नियंत्रित करने की जरूरत नहीं होती, लेकिन स्वास्थ्य उपचार और दवाओं के मामले में, एक तरफ मरीज होते हैं और दूसरी तरफ रिटेल फार्मेसी, अस्पताल की फार्मेसी, इलाज करने वाले अस्पताल और डॉक्टर होते हैं। इनके बीच जानकारी और मोलभाव करने की क्षमता में भारी अंतर होता है।

### कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार उठा रही कदम

सरकार ने कहा कि 935 जरूरी दवाओं के लिए अधिकतम कीमत तय कर दी गई है और 3,881 नई दवाओं के लिए रिटेल कीमतें निर्धारित की गई हैं। कैंसर की दवाओं पर भी सरकार ने कदम उठाए हैं। अक्टूबर में 137 नॉन-शेड्यूल्ड कैंसर दवाओं के लिए ट्रेड मार्जिन 30 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। अनुमान के मुताबिक, इससे इन दवाओं की एमआरपी में 70 प्रतिशत तक कमी हो सकती है।

### विशाखापट्टनम में घटना

# डॉकयार्ड में खड़े नौसेना के जहाज केसरी में पानी घुसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में कल दोपहर भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस केसरी में पानी घुस गया। घटना के समय जहाज डॉकयार्ड में खड़ा था। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। जहाज से पानी निकालने का काम जारी है। फिलहाल यह जानकारी नहीं दी गई है कि जहाज में पानी किस वजह से और किस हिस्से में घुसा। पहले भी नौसेना के जहाजों में पानी भरने और डूबने की घटनाएं हुई हैं लेकिन केसरी में पानी भरने की जानकारी सही समय पर मिल जाने के कारण किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

### नौसेना का बड़ा जंगी जहाज है आईएनएस केसरी

आईएनएस केसरी शार्दूल क्लास का टैंक लैंडिंग शिप है। इसे भारत में ही गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने तैयार किया था। 5 अप्रैल 2008 को इसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। 125 मीटर लंबे इस जहाज का मुख्य काम सैनिकों, टैंकों और सैन्य वाहनों को समुद्र के रास्ते तट तक पहुंचाना है। इसका इस्तेमाल उभयचर सैन्य अभियानों में किया जाता है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**सारंग टीम का रोमांचकारी हवाई करतब**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर रविवार को नवा रायपुर का आसमान भारतीय वायु सेना के अदम्य शौर्य, साहस, अनुशासन और अद्भुत उड़ान कौशल का साक्षी बना। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवा रायपुर के सेंध लेक में आयोजित भारतीय वायु सेना की विश्वप्रसिद्ध सारंग एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम के रोमांचकारी हवाई प्रदर्शन की फुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल हुए।

### केंद्रीय मंत्री ने तीन दिवसीय राज्योत्सव का किया शुभारंभ

# मांडविया बोले-विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत को मिलेगी नई गति

*मुख्यमंत्री साय का जनजातीय विरासत खेल और पर्यटन को विकास से जोड़ने पर जोर*

छत्तीसगढ़ के 26वें स्थापना दिवस पर रविवार को तीन दिवसीय राज्योत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, विकसित छत्तीसगढ़, विकसित भारत के संकल्प को नई गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मंत्री ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कर प्रदेश के विकास का जो सपना देखा था, वह आज साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों का सामूहिक संकल्प है। इसके लिए पांच संकल्पों-विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन को आत्मसात ▶▶| शेष पेज 5 पर






### बस्तर की बदल रही पहचान, खेल और पर्यटन से खुल रहे अवसर

केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, परंपराएं, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामुदायिक जीवन प्रदेश की बड़ी ताकत हैं। कभी बस्तर की पहचान नक्सलवाद के कारण होती थी, लेकिन अब वहां खेल आयोजनों और पर्यटन गतिविधियों से नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### अटल के संकल्प से बना छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ की जनता से अलग राज्य बनाने का वादा किया था। जनता ने उन पर ▶▶| शेष पेज 5 पर


सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | = ₹103780/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | = ₹126750/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | = ₹138359/- |

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur


### कला, संस्कृति, साहित्य, पत्रकारिता खेल, समाजसेवा का होगा सम्मान

# छग की 36 श्रेणियों में विभूतियों को मिलेगा राज्य अलंकरण


शिशिर राय


वरुण सखा


रसिका पाण्डेय


प्रमोद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव में प्रदेश की कला, संस्कृति, साहित्य, पत्रकारिता, खेल, समाजसेवा, शिक्षा, कृषि, लोककला और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को प्रतिष्ठित राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने रविवार को पत्रकार वार्ता में राज्य अलंकरण पुरस्कारों की घोषणा की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं और संस्थाओं के लिए 36 श्रेणियों में राज्य अलंकरण सम्मान घोषित किए गए। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा ▶▶| शेष पेज 5 पर

### प्रमोद कुमार साहू को चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार

पत्रकारिता के क्षेत्र में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार हिन्दी प्रिंट मीडिया के लिए रायपुर के प्रमोद कुमार साहू तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए वरुण सखाजी और रसिका पाण्डेय को संयुक्त रूप से मिलेगा। मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार शिशिर राय चौधरी और पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अनंत विजय को प्रदान किया जाएगा।

### सामाजिक चेतना और जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान

*आदिवासी सामाजिक चेतना एवं उत्थान के लिए शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान धमतरी के डुमन लाल ध्रुव को, अहिंसा एवं गौरक्षा के लिए यति यतनलाल सम्मान कुम्हारी के विश्व गीता धेनू गोविन्द पक्षी सेवा धाम को तथा महिला उत्थान के लिए मिनीमाता सम्मान गरियाबंद की लोक आस्था सेवा संस्थान (लता नेताम) को मिलेगा। गुरु घासीदास सम्मान कबीरधाम के सुखचंद भास्कर, ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार बस्तर के धनसिंह बघेल, महाराजा अग्रसेन सम्मान रायगढ़ के बाबूलाल अग्रवाल और पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान बिलासपुर की तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान को प्रदान किया जाएगा।*

### संस्कृत भाषा, आदिवासी सेवा और श्रम क्षेत्र में भी सम्मान

*खेल के क्षेत्र में गुण्डाधूर सम्मान कोरबा की संजू देवी और महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान बालोद के टोमन कुमार को मिलेगा। कृषि के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार कबीरधाम के पुन्नी दास भट्ट, आयुर्वेद चिकित्सा के लिए धन्वन्तरि सम्मान धमतरी के डॉ. दिनेश कुमार नाग और मत्स्य पालन के लिए बिलासाबाई केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार बालोद के प्रदीप कुमार सोनी को दिया जाएगा। इसके अलावा संस्कृत भाषा के लिए डॉ. बहुरन सिंह पटेल, आदिवासी सेवा के लिए सत्य साई संजीवनी अस्पताल एवं सी. श्रीनिवास, श्रम के लिए अंतरयामी सामल और अपराध अनुसंधान के लिए रायपुर के उप* ▶▶| शेष पेज 5 पर

*हरिभूमि में 3 अप्रैल 2022 को प्रकाशित इसी खबर से हिली सट्टा किंग सौरभ चंद्राकार की सल्तनत, कई साल की फरारी के बाद रायपुर में पेशी*


टीम हरिभूमि ने खोला सट्टे का राज, तोता बता रहा है रेट
दुबई से मिली आईडी, रोजाना 60 से 70 खोखे का खेल

रायपुर में यहां चल रहा दांव

बिलासपुर से जुड़े दिल्ली और दुबई

ऑनलाइन सट्टा बना क्रेज

गरियाबंद में चल रहा ओपन क्लोज का खेल

### रायपुर की विशेष सीबीआई अदालत में किया जाएगा पेश, मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला नेटवर्क की भी जांच

# महादेव सट्टा एप के 'किंगपिन' सौरभ ओमान से प्रत्यर्पित

**सफेद टोपी में गिरफ्तार चंद्राकर, सीबीआई की विशेष टीम अन्य केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से चंद्राकर को लेकर पहुंची भारत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

देश के चर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो को रविवार को बड़ी कामयाबी मिली। इस अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी सिंडिकेट के कथित मुख्य संचालक और प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। सीबीआई की विशेष टीम अन्य केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से उसे भारत लेकर पहुंची। भारत पहुंचने के बाद सीबीआई ने उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। अब उसे रायपुर की विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया जाएगा।

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, चंद्राकर की वापसी भारत की जांच एजेंसियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई कार्रवाई की महत्वपूर्ण सफलता है। उसके खिलाफ महादेव ऐप के जरिए अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित करने और उससे अर्जित कथित अपराध की कमाई को विभिन्न माध्यमों से विदेश भेजने के आरोप हैं। जांच एजेंसियां इस नेटवर्क के वित्तीय लेनदेन, हवाला ▶▶| शेष पेज 5 पर

**करीब 6,000 करोड़ रुपए के अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी सिंडिकेट का संचालन करने का आरोप**

**सह-संस्थापक रवि उप्पल और विदेश में बैठे अन्य आरोपियों तक पहुंचने की जांच एजेंसियों की कोशिशें तेज**



### दुबई में 200 करोड़ की शादी से चर्चा में आया था चंद्राकर

सौरभ चंद्राकर का नाम वर्ष 2023 में उस समय राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया था, जब दुबई में उसकी भव्य शादी का मामला सामने आया। ईडी ने आरोप लगाया था कि इस शादी पर लगभग 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किए गए। शादी में मेहमानों को निजी विमानों से दुबई ले जाने और बॉलीवुड के कुछ कलाकारों को कार्यक्रम में बुलाने पर भी बड़ी रकम खर्च की गई थी। ईडी के अनुसार, शादी के आयोजन में करीब 37 करोड़ रुपये केवल विमान और मेहमानों के परिवहन पर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 2018 में खड़ा किया था सट्टेबाजी का नेटवर्क

जांच एजेंसियों के अनुसार, छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी सौरभ चंद्राकर ने रवि उप्पल के साथ मिलकर वर्ष 2018 में महादेव ऑनलाइन बुक नाम से ऑनलाइन सट्टेबाजी का कारोबार शुरू किया था। शुरुआती दौर में छोटे स्तर पर संचालित इस नेटवर्क ने बाद में देशभर में अपना विस्तार किया। आरोप है कि इसके जरिए क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन और अन्य खेलों के अलावा ताश तथा दूसरे ऑनलाइन ▶▶| शेष पेज 5 पर

### ओमान में गिरफ्तारी के बाद प्रत्यर्पण की प्रक्रिया

चंद्राकर को ओमान में जून 2026 के शुरुआती दिनों में स्थानीय पुलिस ने इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हिरासत में लिया था। भारतीय एजेंसियों को उसके ओमान में होने की जानकारी मिलने के बाद प्रत्यर्पण ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 6000 करोड़ के कथित सिंडिकेट की जांच

ईडी और अन्य एजेंसियों की जांच में महादेव ऐप से जुड़े करीब 6,000 करोड़ रुपये के कथित वित्तीय सिंडिकेट का उल्लेख सामने आया है। जांच में आरोप लगाया गया है कि सट्टेबाजी से अर्जित रकम को विभिन्न कंपनियों, बैंक खातों और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### रवि उप्पल और अन्य आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती

*सौरभ चंद्राकर के भारत लौटने के बाद अब जांच एजेंसियों के सामने उसके सहयोगियों और विदेश में मौजूद अन्य आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती है। रवि उप्पल को इस नेटवर्क का सह-संस्थापक और प्रमुख संचालक बताया गया है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश कर रही हैं। चंद्राकर से पूछताछ के दौरान सट्टेबाजी पैनलों के संचालन, विदेशी बैंक खातों, हवाला कारोबार, कथित राजनीतिक संरक्षण और संपत्तियों के वास्तविक मालिकाना हक से जुड़े कई सवालों के जवाब मिलने की उम्मीद है। चंद्राकर का प्रत्यर्पण महादेव ऐप मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। अब जांच का अगला चरण यह निर्धारित करेगा कि कथित सट्टेबाजी नेटवर्क का वित्तीय और प्रशासनिक ढांचा किस तरह काम करता था और इस पूरे कारोबार में किन-किन लोगों की भूमिका थी।*

# रिलायंस फाउंडेशन स्थापित करेगा 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय'






### नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय का भूमि पूजन

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने मुंबई के निकट कर्जत में प्रस्तावित 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के स्थल पर भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह संपन्न किया।

करीब 100 एकड़ में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में 5,000 लोगों को स्नेहपूर्ण और आजीवन आश्रय प्रदान किया जाएगा। इनमें अनाथ बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और विकासात्मक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्ति शामिल होंगे। इस परिसर में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल की आधुनिक सुविधाओं और ऐसे अवसरों की व्यवस्था की जाएगी, जो प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाएंगे।

**मुंबई, 1 नवंबर, 2026।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने आज 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' की स्थापना की घोषणा की। यह एक अनूठी पहल है, जिसकी परिकल्पना अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को आजीवन घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। यहां उन्हें गरिमा, देखभाल, आराम और उद्देश्यपूर्ण जीवन के साथ-साथ व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं तथा व्यक्तिगत विकास के अवसर भी मिलेंगे। श्रीमती नीता अंबानी ने आज मुंबई के निकट करजत में प्रस्तावित परियोजना स्थल पर भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न किया। लगभग 100 एकड़ में फैला 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' एक स्थायी, गैर-लाभकारी संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। आवश्यक अनुमतियां मिलने के बाद इसका निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। इस पहल के मूल में श्रीमती नीता अंबानी का यह दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक जीवन गरिमा का हकदार है और हर व्यक्ति को संवेदनशीलता, करुणा तथा देखभाल मिलनी चाहिए। रिलायंस फाउंडेशन के 'वी केयर' यानी 'हम परवाह करते हैं' के दर्शन पर आधारित यह सोच 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के रूप में साकार होगी। इसका मूल संदेश है—हर जीवन के लिए एक घर। भूमि पूजन समारोह में रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने कहा:"मेरे और मेरे परिवार के लिए नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय की शुरुआत दिल के बेहद करीब है। यह दिव्यांग व्यक्तियों, ऐसे बच्चों जिन्हें घर की जरूरत है, और ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्नेहपूर्ण घर बनाने की दिशा में कदम है, जिन्हें देखभाल और सुकून की तलाश है। हम एक ऐसे समुदाय की कल्पना करते हैं, उन्होंने आगे कहा:"एक मां के रूप में मेरी सबसे बड़ी आशा यह है कि जिन माता-पिता ने अपना पूरा जीवन इस चिंता में बिताया है कि उनके बाद उनके बच्चों की देखभाल कौन करेगा, उन्हें यह जानकर सुकून मिल सके कि उनके बच्चे के पास हमेशा अपना घर और अपना परिवार होगा। यहां विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों, अनाथ बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित 5,000 से अधिक लोगों को आजीवन आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। जहां हर व्यक्ति को एक संतुष्टिपूर्ण और सार्थक जीवन जीने का अवसर मिले।निवासियों के लिए छोटे-छोटे घर बनाए जाएंगे, जहां परिवार जैसी व्यवस्था होगी। इन घरों में उनके साथ समर्पित गृह-अभिभावक और देखभालकर्ता रहेंगे। प्रत्येक घर को आराम, परिचित परिवेश और व्यक्तिगत अपनत्व को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। निवासियों को अपने कमरों को अपनी पसंद के रंगों, तस्वीरों और प्रिय वस्तुओं से सजाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।प्रत्येक निवासी जरूरतों में होने वाले बदलावों के अनुरूप योजना की कम से कम हर छह महीने में समीक्षा की जाएगी, ताकि बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक आवश्यक सहायता मिलती रहे। प्रस्तावित टाउनशिप में आठ आवासीय गांव होंगे। प्रत्येक गांव का नाम भारत की किसी पवित्र नदी के नाम पर रखा जाएगा। हर गांव की अपनी विशिष्ट रंग पहचान, प्रतीक और संवेदी उद्यान होगा। इससे निवासियों को अपने आसपास के स्थानों को पहचानने और अधिक आसानी तथा स्वतंत्रता के साथ आने-जाने में मदद मिलेगी।'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' आसपास के समुदाय का भी अभिन्न हिस्सा बनने का प्रयास करेगा। यहां का मंदिर, अस्पताल, खेल सुविधाएं और कैफे आसपास के गांवों के लोगों के लिए भी उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। क्षेत्र के लगभग 1,000 लोगों को चिकित्सा एवं पुनर्वास संबंधी थेरेपी, शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, हजारों अन्य लोगों को अस्थायी राहत देखभाल, जनसंपर्क कार्यक्रमों और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभ मिलेगा।सभी के लिए व्यापक देखभाल, स्वास्थ्य सेवाएं और अवसर'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' में विशेष स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पुनर्वास, मनोरंजन और सार्थक रोजगार के अवसरों को एक ही संवेदनशील एवं समावेशी वातावरण में उपलब्ध कराने की योजना है। प्रस्तावित प्रमुख सुविधाएं एवं सेवाएं इस प्रकार हैं:परिवार जैसी आवासीय व्यवस्था: ऐसे घर जहां गृह-अभिभावक और समर्पित देखभालकर्ता निवासियों के साथ रहेंगे तथा उन्हें स्थिरता, आराम और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप सहायता देंगे।

**विशेषीकृत अस्पताल:** विकासात्मक चिकित्सा, मिर्गी के उपचार, विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए दंत चिकित्सा, प्रशामक देखभाल और व्यापक चिकित्सा सहायता की सुविधाएं। आधुनिक पुनर्वास केंद्र: फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और हाइड्रोथेरेपी जैसी सुविधाएं। पशु संग-साथ फार्म: वंतारा की विशेषज्ञता से विकसित किया जाने वाला यह फार्म निवासियों और पशुओं के बीच सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देगा।व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार: बेकरी, कैफे और हस्तशिल्प स्टूडियो जैसी सुविधाएं, जहां निवासी कौशल विकसित कर सकेंगे, वेतन अर्जित कर सकेंगे और काम के माध्यम से आत्मसम्मान एवं गरिमा का अनुभव कर सकेंगे।

**परिवारों के लिए राहत आवास और मोबाइल चिकित्सा क्लीनिक:** आसपास के जिलों के परिवारों और समुदायों तक देखभाल तथा स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की व्यवस्था होगी।

**राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी:** विशेष प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत में दिव्यांगजनों की देखभाल करने वाले कार्यबल को मजबूत बनाने के लिए समर्पित अकादमी स्थापित होगा।

**विशेष हॉस्पिस विंग और स्मृति उद्यान:** जीवन के अंतिम चरण में रहने वाले लोगों को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण वातावरण में संवेदनशील देखभाल प्रदान करने की सुविधा भी मिलेगी।

### 100 एकड़ में विकसित होगी टाउनशिप, अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों सहित 5,000 लोगों को मिलेगा आजीवन घर

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने मुंबई के निकट करजत में प्रस्तावित स्थल पर 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह को शिलापटल से संपन्न किया।100 एकड़ में फैली यह टाउनशिप अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विकासात्मक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्तियों सहित 5,000 लोगों को स्नेहपूर्ण एवं आजीवन आवास उपलब्ध होगा जो प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करेंगे।

# हमर-प्रदेश

रायपुर, सोमवार 2 नवंबर 2026 haribhoomi.com

हरिभूमि


# जंगल में लकड़ी लेने गया ग्रामीण भिड़ गया तेंदुए से, हाथ और कंधा जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों ने अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में चिंता बढ़ा दी है। कवर्धा शहर में पिछले करीब दो सप्ताह से अलग-अलग इलाकों में तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं मिल रही हैं, वहीं अब लोहारा वन परिक्षेत्र के कुटकीपारा गांव में जंगल से लकड़ी लेने गए एक ग्रामीण पर तेंदुए ने हमला कर दिया।

अलग खबर

हमले में ग्रामीण टेकराम ध्रुव के हाथ और कंधे पर नाखूनों से चोटें आई हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है और वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 31 अक्टूबर की शाम टेकराम ध्रुव घरेलू उपयोग के लिए लकड़ी लेने जंगल की ओर गया था। इसी दौरान अचानक उसका सामना तेंदुए से हो गया। तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए ग्रामीण ने पास रखी टंगिया से तेंदुए पर वार किया, जिसके बाद वन्यजीव जंगल की ओर भाग गया। घटना में घायल टेकराम को परिजन उपचार के लिए लोहारा उपस्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के गांवों में भी सतर्कता बढ़ गई है।

## लोहारा के कुटकीपारा में घटना से दहशत, कवर्धा शहर में भी डर

### कवर्धा शहर में भी तेंदुए की तलाश

इधर, कवर्धा शहर और आसपास के क्षेत्रों में भी करीब दो सप्ताह से तेंदुए की मौजूदगी को लेकर लगातार सूचनाएं मिल रही हैं। वन विभाग शिक्षक कॉलोनी, राजमहल, समनापुर रोड, खूंटू रोड, साधना नगर, लकड़ी टाल, मठपारा, नवीन बाजार और 17वीं बटालियन परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर निगरानी कर रहा है। तेंदुए की लोकेशन का पता लगाने के लिए सुबह ड्रोन और रात में थर्मल ड्रोन की सहायता ली जा रही है। इसके अलावा बिलासपुर के कानन पेंडारी और रायपुर जंगल सफारी के विशेषज्ञों की भी मदद ली गई है। शहर के कुछ संवेदनशील स्थानों पर पिंजरे लगाए जाने की जानकारी भी सामने आई है।



### एक ही तेंदुआ या जिले में हैं अधिक का खौफ

कवर्धा शहर में तेंदुए की तलाश के बीच लोहारा क्षेत्र में ग्रामीण पर हुए हमले ने वन्यजीवों की गतिविधियों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि कुटकीपारा में ग्रामीण पर हमला करने वाला तेंदुआ वही है, जिसकी शहर के अलग-अलग इलाकों में मौजूदगी की सूचना मिल रही है, या जिले में एक से अधिक तेंदुए सक्रिय हैं। फिलहाल इस संबंध में वन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने प्रभावित क्षेत्र में वन विभाग की गश्त बढ़ाने, लोगों को सतर्क करने और वन्यजीव की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने की मांग की है। वहीं घायल ग्रामीण को नियमानुसार मुआवजा देने और रेस्क्यू अभियान की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है।

### सीएम और केंद्रीय मंत्री ने किया नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास का भूमिपूजन

# सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में 45 हजार बच्चों को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

## बनाया कीर्तिमान, चिकित्सा सेवा के साथ मानवीय संवेदना और निस्वार्थ समर्पण की मिसाल है: साय

नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल ने 45 हजार बच्चों की सफल शल्य चिकित्सा का आंकड़ा पार कर चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। अस्पताल ने निशुल्क उपचार के माध्यम से हजारों बच्चों को नया जीवन देकर उनके परिवारों में आशा और खुशियां लौटाई हैं। यह उपलब्धि चिकित्सा सेवा के साथ मानवीय संवेदना और निस्वार्थ समर्पण की मिसाल है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, किसी भी परिवार के लिए बच्चे का स्वस्थ जीवन सबसे बड़ी खुशी होती है। गंभीर बीमारी से जूझते बच्चे के साथ पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक परेशानी से गुजरता है। ऐसे समय में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराकर बच्चों को नया जीवन देना मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने 45 हजार बच्चों की शल्य चिकित्सा की उपलब्धि पर श्रीसत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीसत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के पदाधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### जनजातीय युवाओं को मिलेगा नर्सिंग शिक्षा का अवसर

कार्यक्रम में जनजातीय विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज भवन और छात्रावास (डॉरमेटरी) का भूमिपूजन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पहल प्रदेश के जनजातीय अंचलों के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा के नए अवसर खोलेगी। गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा प्राप्त कर युवा आत्मनिर्भर बन सकेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकेंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश के दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। प्रस्तावित कॉलेज से कुशल स्वास्थ्यकर्मी तैयार होंगे।

### मांडविया ने की अस्पताल की सेवाभावना की सराहना

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अस्पताल द्वारा बच्चों के निशुल्क उपचार और मानव सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने 45 हजार बच्चों की शल्य चिकित्सा की उपलब्धि पर संस्थान की पूरी टीम को बधाई दी।

### गरीब और वंचित परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर गरीब, वंचित और दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। शासन के प्रयासों के साथ सत्य साईं संजीवनी अस्पताल जैसी सेवाभावी संस्थाओं की भागीदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण है।






# मासूम छात्रा की संदिग्ध मौत पर जांच दल से दो दिन में रिपोर्ट-तलब

**कांकेर।** निजी छात्रावास में मासूम छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने अब शिक्षा विभाग का ध्यान खींचा है। समाचार पत्र हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर दिया गया है। जांच दल को दो दिवस के भीतर जांच पूरी कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला छोटेबेठिया क्षेत्र के जामकुटनी स्थित मिशनरी संस्था द्वारा संचालित अमर ज्योति प्राथमिक शाला के छात्रावास का है। यहां कक्षा पहली में अध्ययनरत छह वर्षीय छात्रा अनुष्का खलखो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले की निष्पक्ष जांच और मौत के कारणों का पता लगाने की मांग उठ रही है।

खबर का असर

### तीन सदस्यीय दल का हुआ गठन

खंड शिक्षा अधिकारी, आदिवासी विकासखंड कोयलीबेड़ा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जांच के लिए तीन सदस्यीय दल का गठन किया गया है। इसमें भिखारी लाल मंडावी, प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छोटेबेठिया, निर्मल ठाकरे, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कलारकुटनी तथा अशोक कुमार ठाकुर, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जामकुटनी को शामिल किया गया है।

# धर्म परिवर्तन के 20 साल बाद शव दफनाने को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के पेंडलनार गांव में एक व्यक्ति के शव को दफनाने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। बंडी मुचाकी की रविवार सुबह करीब 8 बजे जगदलपुर में मौत हो गई थी। मृतक के शव को गांव में दफनाने की तैयारी के दौरान पुजारी और पटेलों ने आपत्ति जताते हुए दफनाने से मना कर दिया। इसके बाद मामला बढ़ने पर प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की और स्थिति को शांत कराया। अब मृतक के शव को दूसरे स्थान पर दफनाने की सहमति बनी है। जानकारी के अनुसार बंडी मुचाकी पूर्व में हिंदू धर्म से जुड़े थे। करीब 20 वर्ष पहले उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था। बताया जा रहा है कि उनकी मृत्यु के बाद परिजन पारंपरिक रूप से गांव में ही शव दफनाना चाहते थे, लेकिन पेंडलनार के पुजारी और पटेलों और ग्रामीणों ने इसका विरोध किया।



### ईसाई समाज के लोगों ने भी जताया विरोध

मामले में सुकमा के ईसाई समाज के पदाधिकारी अल्फेर्ड सुना सहित कुछ लोगों की ओर से भी पटनमपारा स्थित कब्रिस्तान में शव दफनाने की व्यवस्था को लेकर विरोध किए जाने की जानकारी सामने आई है। इससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। विवाद की सूचना मिलने पर तहसीलदार निंबलकर मौके पर पहुंचे और संबंधित लोगों से चर्चा की।






# विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेने वाले डॉक्टरों को नहीं होगी फीस की वापसी

### सिम्स में इंटर्नशिप करने वाले विदेशी स्नातकों की तीन याचिकाएं खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेकर छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स बिलासपुर में इंटर्नशिप करने वाले डॉक्टरों को बड़ा झटका लगा है। इन डॉक्टरों को इंटर्नशिप के दौरान जमा की गई एक लाख रुपए की फीस वापस नहीं मिलेगी। साथ ही भारतीय मेडिकल कॉलेजों के छात्रों के समान स्टाइपेंड देने की उनकी मांग भी पूरी नहीं होगी। हाईकोर्ट ने इस मामले में दाखिल तीन अलग-अलग याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता डॉक्टरों ने अपनी विदेशी मेडिकल डिग्री 18 नवंबर 2021 से पहले हासिल की थी। ऐसे में वे राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग यानी एनएमसी के साल 2021 में बनाए गए विदेशी चिकित्सा स्नातक लाइसेंसिएट संबंधी नियमों के आधार पर फीस वापसी और स्टाइपेंड का दावा नहीं कर सकते।

### फीस और स्टाइपेंड को लेकर विवाद

याचिकाकर्ता डॉक्टरों का कहना था कि उन्होंने विदेश से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। इसके बाद सिम्स बिलासपुर में इंटर्नशिप करने के लिए उनसे एक-एक लाख रुपए की फीस जमा कराई गई थी। डॉक्टरों ने अपनी याचिका में कहा कि बाद में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने 4 मार्च 2022 को एक दिशा-निर्देश और 19 मई 2022 को एक परिपत्र जारी किया था। इस परिपत्र में कहा गया था कि 18 नवंबर 2021 से पहले विदेश से मेडिकल डिग्री हासिल करने वाले छात्रों से इंटर्नशिप के लिए फीस नहीं ली जाएगी और उन्हें भारतीय मेडिकल कॉलेजों से पढ़ने वाले छात्रों के बराबर स्टाइपेंड और दूसरी सुविधाएं दी जाएंगी।

# 37 दिनों बाद आज से पटरी पर लौटेंगी समलेश्वरी और हीराखंड एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के रेल यात्रियों के लिए राहत की खबर है। विनाशकारी भूस्खलन और समुद्री तूफान के कारण पूरे 37 दिनों तक बाधित रहने के बाद आज से दो प्रमुख ट्रेनें फिर से शुरू हो रही हैं। रेलवे प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, समलेश्वरी और हीराखंड एक्सप्रेस का परिचालन सोमवार से बहाल किया जा रहा है। वहीं, राउरकेला एक्सप्रेस और विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस 4 नवंबर से फिर से चलने लगेंगी। ज्ञात हो कि केके लाइन में मल्लीगुड़ा और जरति के मध्य घाटी क्षेत्र में बीते 25 सितंबर को भारी भूस्खलन हुआ था, जिसके चलते रेल परिवहन पूरी तरह से ठप हो गया था। मरम्मत कार्य के बाद इन ट्रेनों को 25 अक्टूबर से चलाने की तैयारी थी, किंतु इसी बीच समुद्री चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के आने के कारण सुरक्षा के लिहाज से इनका संचलन फिर से स्थगित कर दिया गया था। अब स्थितियां सामान्य होने के बाद ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जा रहा है।


हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सूचना! मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
सोमवार 2 नवंबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 104
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.6
न्यून. 24.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने शुरु की ईपीएफओ की नई सुविधा

## अब व्हाट्सएप पर चेक करें पीएफ का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सेवाओं को व्हाट्सऐप के जरिये उपलब्ध कराने की शुरुआत की मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस सुविधा के तहत कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के अंशधारक ईपीएफओ की सत्यापित व्हाट्सऐप सेवा के जरिये अपने पीएफ खाते में जमा राशि, पिछले पांच लेनदेन और पासबुक का ब्योरा देख सकेंगे। इसके अलावा, उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी मिलेगा और प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) ⏭शेष पेज 5 पर



**दो बड़ी पहल**
1. वॉट्सएप सर्विसेज का शुभारंभ
2. बंद या डिएक्टिव ईपीएफ खातों का ऑटोमैटिक सेटलमेंट

## छग में 2027 में 241 दिन होगा सरकारी कामकाज, 124 दिन छुट्टी, अफसर-कर्मियों की रहेगी मौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी अफसरों और कर्मियों खासकर वे, जो दफ्तरों में बैठकर काम करते हैं, उनके लिए नया साल 2027 मौज वाला होने जा रहा है। दरअसल, साल के 365 दिनों में कुल मिलकार उन्हें 124 दिन छुट्टी मिलेगी। इसमें घोषित सामान्य अवकाश के साथ शनिवार और रविवार की छुट्टियां शामिल हैं। अगर इन्ही शासकीय सेवकों ने अलग ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर

### ये है अवकाश का हिसाब

*सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार, वर्ष 2027 के लिए राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में सामान्य अवकाश घोषित किए गए हैं। इनकी संख्या 25 है। हालांकि, सभी 25 छुट्टियों को कार्यदिवसों से घटाने पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं होगी, क्योंकि इनमें से कुछ शनिवार को पड़ रही हैं। शनिवार और रविवार को नियमित अवकाश मानने पर साल के 365 दिनों में 104 दिन सप्ताहांत के कारण कार्यालय बंद रहेंगे। हालांकि इस अवधि में आवश्यक सेवा वाले और फील्ड के आवश्यक काम जारी रहेंगे।*



### 241 दिन होगा कामकाज

*वर्ष 2027 में कुल 261 दिन सोमवार से शुक्रवार के बीच पड़ेंगे। सामान्य अवकाश की सूची में शामिल पांच छुट्टियां शनिवार को पड़ रही हैं, इस कारण 25 घोषित सामान्य अवकाशों में से 20 छुट्टियां ही नियमित कार्य दिवसों को प्रभावित करेंगी। इस तरह 261 कार्यदिवसों में से 20 दिन घटाने पर सरकारी कार्यालयों में कामकाज के लिए 241 दिन बचेंगे।*

### ऐच्छिक अवकाश सामान्य छुट्टियों से अलग

राज्य सरकार ने सामान्य अवकाश के अलावा ऐच्छिक अवकाश की सूची भी जारी की है। इस सूची में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अवसरों से संबंधित 51 छुट्टियां शामिल हैं। सरकार के अनुसार, प्रत्येक शासकीय सेवक इन ऐच्छिक अवकाशों में से अपनी इच्छानुसार अधिकतम तीन अवकाश ले सकता है, इसलिए इन सभी छुट्टियों को राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों के लिए अनिवार्य अवकाश मानकर गणना नहीं की जा सकती। यही नहीं कुछ ऐसे अवसरों का भी उल्लेख है, जिन पर रविवार पड़ने के कारण अलग से सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। इनमें स्वतंत्रता दिवस, ईद-ए-मिलाद, दशहरा (विजयादशमी) और गुरु नानक जयंती शामिल हैं। इस प्रकार, पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और घोषित सामान्य अवकाशों के आधार पर ⏭शेष पेज 5 पर

### 'वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली' में विपक्ष ने दिखाई एकजुटता

## इंडिया गठबंधन की महारैली में गरजे राहुल कहा-ज्ञानेश पद से हटेंगे और जाएंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली' में रविवार को 20 से अधिक दलों ने एकजुटता दिखाई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, देशद्रोह के लिए ज्ञानेश कुमार अपने पद से हटेंगे और जेल जाएंगे।*

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित इस रैली में विपक्षी नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के नेता फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई विपक्षी नेता इसमें शामिल हुए।

रैली का राजनीतिक संदेश केवल चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध तक सीमित नहीं रहा। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा का साझा आंदोलन बताते हुए देशव्यापी संघर्ष का आह्वान किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने संबोधन में चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि देश में लंबे समय से वोट चोरी हो रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक के चुनावों के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव का भी उल्लेख किया। राहुल ने आरोप लगाया कि ईवीएम और मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने तथा हटाने के जरिए चुनावी नतीजों को प्रभावित किया गया। राहुल गांधी ने ⏭शेष पेज 5 पर



- रामलीला मैदान में जुटे इंडिया गठबंधन के दिग्गज नेता, सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल, अखिलेश और ममता ने साझा मंच से उठाए सवाल
- राहुल का आरोप- लोकसभा चुनाव 2024 समेत कई चुनावों में हुई वोट चोरी, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने से प्रभावित हुआ जनादेश
- खड़गे बोले- ज्ञानेश कुमार के पद पर रहते जारी रहेगी लड़ाई, ममता ने कहा- बंगाल से दिल्ली तक लोकतंत्र बचाने का संघर्ष



### अखिलेश ने यूपी की राजनीति को जोड़ा 2027 में भाजपा की विदाई का दावा

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रैली को उत्तर प्रदेश की आगामी राजनीति से जोड़ते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने रामलीला मैदान को लोकतंत्र का हल्दीघाटी बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने केंद्र में भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया है और वही जनता उसे सत्ता से बाहर भी करेगी। अखिलेश ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए कहा कि अब भाजपा को भी अपने समर्थकों के नाम कटने की चिंता होने लगी है।

### खड़गे का ऐलान, ज्ञानेश कुमार के जाने तक जारी रहेगी लड़ाई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर महिलाओं, युवाओं और दलितों के वोट प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में मतदाता तय करें कि उनका प्रतिनिधि कौन होगा, न कि सत्ता में बैठे लोग अपनी पसंद के मतदाता चुनें। खड़गे ने कहा कि यह ऐतिहासिक जनसभा लोकतंत्र की रक्षा के लिए आयोजित की गई है। जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पद पर बने रहेंगे, विपक्ष की लड़ाई जारी रहेगी।

## 'मॉक पार्लियामेंट' में ही बने रहिए पीएम असली कुर्सी कभी नहीं मिलेगी : शाह

### पंजाब की राजनीति पर भी नजर

*चंडीगढ़ में शाह का यह हमला ऐसे समय आया है जब पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव की राजनीतिक तैयारियां तेज हो रही हैं। भाजपा राज्य में अपना राजनीतिक आधार विस्तार करने और अपने दम पर सरकार बनाने का लक्ष्य सामने रख रही है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने राहुल गांधी की राजनीतिक नेतृत्व क्षमता, प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा और कांग्रेस की चुनावी स्थिति पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आयोजित प्रतीकात्मक महाभियोग और मॉक पार्लियामेंट की कार्यवाही पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी यदि प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं तो पूरी जिंदगी मॉक पार्लियामेंट में प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री बनने का उनका सपना पूरा नहीं होगा। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए मॉक पार्लियामेंट का नया तरीका खोज लिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को मॉक पार्लियामेंट में ही प्रधानमंत्री बने रहना चाहिए, क ⏭शेष पेज 5 पर

- शाह का राहुल गांधी पर तीखा हमला




### नितिन बोले- विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं राहुल

देशभर में रविवार को राजनीतिक माहौल गर्माया रहा। एक तरफ कांग्रेस दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली की, तो दूसरी तरफ भाजपा भी दिल्ली, हिमाचल से लेकर महाराष्ट्र तक देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाली। हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में रैली निकाली गई, वहीं दिल्ली में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि देश में अराजकता पैदा करने के लिए राहुल गांधी विदेशी ताकतों के इशारों पर काम कर रहे हैं।

### नड्डा ने विपक्ष पर साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली को मूर्खतापूर्ण एवं पूर्व निर्धारित नाटक करार देते हुए कहा कि यह रैली कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी और पार्टी के राजनीतिक पतन का कारण बनेगी। नड्डा ने आरोप लगाया कि यह विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र को अराजकता और अव्यवस्था के हवाले करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। साल 1984 के सिख-विरोधी दंगों की बरसी का जिक्र करते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि रविवार को इस रैली के आयोजन के पीछे कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मकसद सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

**सऊदी अरब के लिए भारत की उड़ानों पर रहेगी रोक**

दुबई। भारत और सऊदी अरब के बीच उड़ानों में व्यवधान अभी जारी हैं। खाड़ी देश में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए, अकासा एयर ने रविवार को जेद्दा के लिए अपनी सेवाओं के निलंबन को 18 नवंबर तक बढ़ा दिया है। एयरलाइन ने बताया कि रियाद आने-जाने वाली उड़ानें 30 नवंबर तक निलंबित रहेंगी।



**बंगाल की खाड़ी के ऊपर 'मुरासु' ओडिशा में अलर्ट, छग में असर!**

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहन दबाव रविवार को चक्रवाती तूफान में बदल गया, जिसके बाद ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्से में किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। चक्रवाती तूफान का छत्तीसगढ़ में भी थोड़ा असर होने का अनुमान है। यह तीन नवंबर की सुबह नेल्लोर और नरसापुर के बीच आंध्र प्रदेश के तट को पार कर सकता है। विभाग के अनुसार, इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है।

### पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया

## जन्मदिन मना रहे युवकों ने जज दंपती के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजकिशोर नगर स्थित अपने ससुराल आए महासमुंद कुटुंब न्यायालय के जज प्रफुल्ल कुमार सोनवानी और उनकी पत्नी के साथ जन्मदिन मना रहे युवकों ने मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्ष के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, महासमुंद जिला न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी ने रिपोर्ट लिखाई कि 31 अक्टूबर को वे पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित राजकिशोर नगर जूनियर एमआईजी 5 स्थित ससुराल आए थे। रात 11 बजे उनके परिवार के साथ लोग घर में सो गए थे। उस दौरान अचानक अत्यंत तेज आवाज में नगाड़ा बजने एवं आतिशबाजी की आवाज आने लगी, जो लगातार 45 मिनट तक चलती रही। जिसके कारण घर के लोग जाग गए। श्री सोनवानी स्थिति को देखने के लिए नीचे आ गए। वहां पर गली में युवकों की भीड़ लगी थी। पूछने पर उन्होंने बताया कि वे अभय बरूआ का जन्मदिन मना ⏭शेष पेज 5 पर

### न्यायाधीश दंपती के खिलाफ भी जुर्म दर्ज

इस मामले में पुलिस ने युवक की रिपोर्ट जज दंपती के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है। मगरपारा अम्बेडकर नगर निवासी विनय वैद्य पिता स्व. अशोक वैद्य ने रिपोर्ट लिखाई है। इसके अनुसार वह 31 अक्टूबर की रात 12.15 बजे अपने मित्र अभय बरूआ का जन्मदिन मनाने राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास अपने मित्र रक्तिम सारखेल के साथ गया था। सभी लोग और अभय बरूआ ⏭शेष पेज 5 पर

### जज के खिलाफ मामला दर्ज करने अनुमति जरूरी

इस मामले में जानकार वकील बताते हैं कि किसी भी न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले हाईकोर्ट की अनुमति लेना जरूरी है, लेकिन इस मामले में पुलिस ने कोई अनुमति नहीं ली और सीधे जुर्म दर्ज कर लिया। सरकंडा पुलिस ने यह जरूर कहा कि मामला दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं थी कि आरोपी पक्ष जज हैं।

### जुर्म दर्ज किया गया है

*प्रफुल्ल सोनवानी की रिपोर्ट पर अभय बरूआ एवं उसके अन्य साथियों तथा विनय वैद्य की रिपोर्ट पर प्रफुल्ल सोनवानी, आकांक्षा सोनवानी, अभिषेक भारद्वाज के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी रिपोर्ट लिखाने आया तो डीओ अधिकारी ने उनकी रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज किया है। प्रफुल्ल सोनवानी न्यायाधीश हैं, इसकी उसे जानकारी नहीं थी।*

*-प्रदीप आर्या, सरकण्डा टीआई*

## छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का चैंपियन बना मैनपाट टाइटंस




**रायपुर।** रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में मैनपाट टाइटंस चैंपियन बनी। मैनपाट टाइटंस और संस्कारधानी स्ट्राइकर्स के बीच फाइनल मैच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा तथा अनेक विशिष्ट जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने विजेता टीमों और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

### कल्याणपुर जंगल में हुई घटना

## कबरा दंतैल ने दो घंटे के अंदर दो को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर/बिश्रामपुर

अकेले घूम रहे कबरा हाथी ने एक बार फिर से दो ग्रामीण की जान ले ली है। घटना सूरजपुर वन मंडल के लटोरी अंतर्गत कल्याणपुर-अखोराकला जंगल की है। बाइक से जा रहे दो ग्रामीणों का हाथी से सामना हो गया। इस दौरान दंतैल ने ग्रामीण ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया जबकि एक ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं कल्याणपुर क्षेत्र में ही हाथी ने एक अन्य व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। दो घंटे के भीतर दो लोगों की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की ⏭शेष पेज 5 पर



### हुई है दो मौतें

हाथी के हमले में दो लोगों की मौत हुई है। हमारी टीम मौके पर मौजूद है और शव बरामद किया गया है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। हाथी अभी राजपुर क्षेत्र में चला गया है।

-विपुल अग्रवाल, डीएफओ

### 1 नवंबर से हो गए कई बदलाव, फॉस्टेग का लोकल पास

## विमान ईंधन के दाम बढ़े, कमर्शियल सिलेंडर महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विमान ईंधन के दाम बढ़ गए, वहीं कमर्शियल सिलेंडर भी महंगा हो गया। इसके अलावा 1 नवंबर से कई बदलाव हुए हैं। मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आने पर नंबर के साथ कॉलर का असली नाम भी दिखने लगा है। टोल प्लाजा के 20किमी के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों को 1 साल का लोकल फास्टैग पास मिलना शुरू हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन कीमतों में तेजी के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने विमान ईंधन और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। रविवार से एटीएफ की कीमत में 1.37 रुपए प्रति लीटर और 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में 10 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस, पेट्रोल और ⏭शेष पेज 5 पर

### छोटे ऑनलाइन विक्रेताओं के लिए आसानी

*छोटे ई-कॉमर्स विक्रेता दूसरे राज्यों में अलग से ऑफिस खोले बिना भी देशभर में सामान बेच सकेंगे। जीएसटी नियमों में ढील दी है, जिसके तहत विक्रेता जिस ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म (जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट) पर बेचते हैं, उसके गोदाम के पते को ही दूसरे राज्यों में अपना जीएसटी रजिस्ट्रेशन एड्रेस बता सकेंगे।*



### फोन पर कॉलर का असली नाम

मोबाइल फोन पर किसी अनजान नंबर से कॉल आने पर अब स्क्रीन पर नंबर के साथ उस व्यक्ति का असली नाम भी दिखने लगा है। यह नाम वही होगा जो उसने सिम खरीदते समय सरकारी आईडी (जैसे आधार) में दिया था। इसके लिए आपको कोई थर्ड पार्टी एप डाउनलोड या सर्विस शुरू करने की जरूरत नहीं होगी, यह अपने-आप काम करेगी। दूरसंचार विभाग ने सभी टेलीकॉम कंपनियों के लिए इस नियम को लागू करना अनिवार्य कर दिया है।

### टोल के करीबियों को फॉस्टेग का पास

टोल प्लाजा के 20किमी के दायरे में रहने वाले निजी वाहन मालिकों को हर बार टोल टैक्स देने से राहत मिलेगी। सरकार ने 1,500 या 3,000 की तय फीस में पूरे 1 साल का लोकल फास्टैग पास देने का नया नियम आज से लागू कर दिया है। इससे टोल प्लाजा के आसपास रहने वालों का हर महीने टोल पर होने वाला बड़ा खर्च बचेगा। अब उन्हें बार-बार टोल कटवाने की टेंशन नहीं होगी और पूरे साल सिर्फ एक बार पास की तय फीस देकर आसानी से सफर कर सकेंगे।

चिंतन

# एक बार फिर सड़क की राजनीति पर उतरे दल

देश में एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्षी दल सड़क पर सियासी जंग लड़ने उतर आए हैं। रविवार का दिन राजनीतिक सरगर्मी से भरा रहा। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। वहीं, भाजपा ने इसके जवाब में देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाले। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मोर्चा संभाला तो हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दिन रामलीला मैदान में रैली आयोजित कर पीड़ित परिवारों की भावनाओं की अनदेखी की है। भाजपा के मार्च में दंगा पीड़ित परिवारों और सिख समुदाय के लोगों की भागीदारी भी इसी मुद्दे को रेखांकित करने के लिए थी। वहीं, नितिन नवीन ने रोहतक में कांग्रेस पर वोट चोरी को अपनी विरासत बनाने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम करने वाला बताया। जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस पर सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को भुलाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और जेल भेजने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी उन्होंने तीखी टिप्पणी की। इस तरह पूरे दिन दोनों खेमों के बीच राजनीतिक तल्खी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता के सवालों को मजबूती से उठाना और सरकार को जवाबदेह बनाना भी है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारी केवल हंगामे, नारेबाजी और सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से ही पूरी हो सकती है। कोई सीजेपी जैसी नई पार्टी ऐसा करे तो समझ आता है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से अधिक परिपक्व राजनीतिक आचरण की अपेक्षा स्वाभाविक है। 18वीं लोकसभा में इंडिया गठबंधन के करीब 240 सांसद हैं। इतनी बड़ी संसदीय ताकत का उपयोग सदन में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, शिक्षा और चुनावी पारदर्शिता जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक बहस के लिए होना चाहिए। संसद के बाहर प्रतीकात्मक कार्यवाही करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों और प्रमाणों के साथ सदन में सरकार को घेरना चाहिए। लोकतंत्र का मजाक नहीं, जवाबदेही तय करना विपक्ष की असली जिम्मेदारी है। वहीं, सत्ता पक्ष भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। संसद में विपक्ष को पर्याप्त अवसर देना, उसके सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार रहना सरकार का दायित्व है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। विपक्ष को भी संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ धमकी भरी भाषा के बजाय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। यह समझना होगा कि संसद देश की जनता की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं पर चर्चा का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। सदन में कामकाज बाधित करने से जितना नुकसान विपक्ष की भूमिका को होता है, उतनी ही जवाबदेही सरकार की भी बनती है, यदि वह चर्चा और संवाद के रास्ते बंद करती है। दोनों पक्षों को अपनी राजनीतिक सुविधा से ऊपर उठकर संसदीय परंपराओं का सम्मान करना होगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# दवा कंपनियों पर लगाम की तैयारी

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की एक याचिका भी लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर नियंत्रण और नियमन के लिए दिशा-निर्देश तय कर दिए जाएं? क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में बड़ी असामानता है।

इसके तहत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रावधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट दो माह के भीतर आनी है।

कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर की जा रही हैं। इस रिपोर्ट ने तय किया कि दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। इसके मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। ग्लैक्सोस्मिथलाईन, फाइजर, रैनबैक्सी, डॉ रेड्डी लैब्स और एलेमबिक जैसी नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों से जुड़ी एक विडंबना यह भी देखने में आती है कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा



लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इसी संदर्भ में इस याचिका से जुड़े न्यायामूर्ति संदीप मेहता को कहना पड़ा था कि मामला एक माह पहले का ही है।

एक दवा डीलर की पत्नी का इलाज हो रहा था। कीमो में काम आने वाला इंजेक्शन 11 हजार रुपये का था। लेकिन निजी अस्पताल में 1.30 लाख रुपये में दिया जा रहा था। दवा डीलर ने अस्पताल से निवेदन किया कि इंजेक्शन बाहर से लाने दें, लेकिन मना कर दिया। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने कैंसर की 2700 रुपये की एक दवा को 27 हजार में बेचे जाने पर 'डकैती' की संज्ञा दी थी। ऐसी डकैती की कीमत आम मरीज चुका रहे हैं। फार्मा कंपनियां किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं।

दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। लिहाजा चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ पूरे देश में धड़ल्ले से उठा रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाओं ने जहां अनेक संक्रामक रोगों से मानव जाति को बचाया, वहीं दुष्परिणाम स्वरूप शरीर की प्रतिरोधात्मक शक्ति को कमजोर भी किया। जिस तरह मानव शरीर विभिन्न प्राकृतिक तापमान, वायुमंडल व भौगोलिक परिस्थिति और पर्यावरण के अनुकूल अपने को ढाल लेता है,उसी तरह हमारे धरती पर अस्तित्व के समय से ही सूक्ष्मजीव और उनके विरुद्ध शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति का भी परिवर्तित विकास होता रहा है। कुदरत का कमाल देखिए, एंटीबायोटिक दवाओं ने दोनों के बीच के संतुलन को गड़बड़ा दिया, लिहाजा एंटीबायोटिक दवाएं जब-जब सूक्ष्मजीवों पर मारक साबित हुई, तब-तब जीवाणु और वीषाणुओं ने अपने को ओर ज्यादा शक्तिशाली बना लिया। गोया, महाजीवाणु कभी नष्ट नहीं होने वाले रक्तबीजों की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए आज वैज्ञानिकों को कहना पड़ रहा है कि एंटीबायोटिक दवाओं की मात्रा पर अंकुश लगना चाहिए।

दवा कंपनियों की मुनाफे की हवस और चिकित्सकों का बढ़ता लालच, इसमें बाधा बने हुए हैं। चिकित्सक सर्दी-जुकाम और पेट के साधारण रोगों तक के लिए बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक दवाएं दे देते हैं। ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के मुनाफाखोरों ने प्रायोजित शोधों के मार्फत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और होम्योपैथी को अवैज्ञानिक कहकर हाशिए पर डालने का काम भी शड्यंत्रपूर्वक किया है। बावजूद सूक्ष्मजीव कायांतरण के नए-नए रूपों में सामने आना शुरू हो गए हैं, तब से एंटीबायोटिक दवाओं की सीमा रेखांकित जरूर की जाने लगी है, किंतु मुनाफे की हवस इस मर्यादा को लांघ जाने का उपक्रम करती ही रहती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

ग्राम स्वराज योजना
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# आत्मनिर्भर पंचायतों से विकसित भारत की ओर

ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा, रायपुर (छत्तीसगढ़) महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना एक महत्वपूर्ण पहल है। सबकी योजना, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को केंद्र में रखकर तैयार यह योजना ग्रामीण शासन व्यवस्था को नई दिशा देने के साथ पंचायतों को अधिक सक्षम, जवाबदेह और आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक योजना के क्रियान्वयन को मंजूरी दी है। इसके लिए कुल 7,395.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 4,869.55 करोड़ रुपये केंद्रीय अंश और 2,526.07 करोड़ रुपये राज्यांश के रूप में शामिल हैं। यह योजना विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण शासन व्यवस्था में अगली पीढ़ी के सुधारों की पहल है। इसका प्रमुख उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्थानीय जरूरतों, उपलब्ध संसाधनों और राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप समग्र विकास योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाना है। इसके तहत सहभागी और साक्ष्य आधारित नियोजन को बढ़ावा देते हुए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 2.55 लाख समग्र ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने में सहायता दी जाएगी।

*ग्रामीण विकास के लिए मजबूत नियोजन की जरूरत:* पिछले बारह वर्षों में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किए गए राष्ट्रीय सुधारों और नवाचारों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने और ग्रामीण विकास के नए अवसर पैदा करने का आधार तैयार किया है। इन अवसरों का लाभ गांवों तक पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता, जनभागीदारी और बेहतर स्थानीय नियोजन आवश्यक है। 16वें वित्त आयोग द्वारा वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए लगभग 4.35 लाख करोड़ रुपये की सिफारिश किए जाने के मद्देनजर पंचायतों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अब आवश्यकता इस बात की है कि पंचायतें राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्ध वित्तीय संसाधनों और स्थानीय आकांक्षाओं को एकीकृत करते हुए विकास का स्पष्ट खाका तैयार करें।

*ग्राम पंचायतें बनेंगी विकास की धुरी:* इस योजना में ग्राम पंचायतों को स्थानीय नियोजन और विकास के नवाचारों के समन्वय का प्रमुख केंद्र बनाया गया है। पंचायतें गांवों की प्राथमिकताओं, उपलब्ध संसाधनों और विकास की चुनौतियों को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार कर सकेंगी। इससे गांव केवल सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं रहेंगे, बल्कि अपने विकास की दिशा और प्राथमिकताएं तय करने वाले सक्षम स्थानीय निकाय के रूप में उभरेंगे।

*वित्तीय आत्मनिर्भरता और पारदर्शिता पर जोर:* किसी भी पंचायत की मजबूती केवल उसे मिलने वाले सरकारी अनुदान से तय नहीं होती, बल्कि उसकी अपनी आय अर्जित करने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना पंचायतों को स्वयं के राजस्व स्रोत बढ़ाने, वित्तीय प्रबंधन सुधारने और उपलब्ध निधियों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

योजना के तहत ऑनलाइन लेखांकन, ऑडिट और सार्वजनिक सूचना के प्रकटीकरण को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। इससे पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ेगी, वित्तीय अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और विकास कार्यों के प्रति जवाबदेही मजबूत होगी।

*विभागीय समन्वय से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन :* ग्रामीण विकास की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक विभिन्न विभागों की योजनाओं के बीच समन्वय का अभाव है। कई बार संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद विभागीय तालमेल की कमी के कारण स्थानीय जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना इस समस्या के समाधान की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों को नियोजन प्रक्रियाओं को एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने में विभागों के बीच आपसी सहयोग बढ़ेगा।

**विकसित भारत के संकल्प में गांवों की निर्णायक भूमिका**

विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब देश के गांव आर्थिक, सामाजिक और संस्थागत रूप से मजबूत बनें। ग्रामीण विकास का आधार सक्षम पंचायतें, जागरूक नागरिक, पारदर्शी प्रशासन और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तैयार की गई विकास योजनाएं हैं। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना इन्हीं उद्देश्यों को एक साथ जोड़ने वाली अभिनव पहल है। यह योजना पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्थानीय विकास का नेतृत्व करने वाली संस्था के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगी।

वास्तव में ग्राम स्वराज का अर्थ केवल गांवों का भौतिक विकास नहीं, बल्कि स्थानीय समुदायों को अपने विकास के निर्णय लेने में सक्षम बनाना भी है। प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर पंचायतों, सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहभागी शासन व्यवस्था का आधार तैयार कर सकती है। गांवों को विकास की मुख्यधारा में निर्णायक भूमिका देकर ही विकसित भारत 2047 के संकल्प को वास्तविक अर्थों में साकार किया जा सकता है।

*-संकाय सदस्य (पंचायती राज)*

## क्षमा करें और भूल जाएं

संकलित
दर्शन



जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## गणेश विनायक जी की कथा

संकलित
प्रेरणा



एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**एकता के मंत्र पर अमल करना भी जरूरी**

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकता की भावना को बढ़ाने के रूप में भी मनाया जाता है, जोकि 31 अक्टूबर को होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को आजाद करवाने के साथ-साथ देश की एकता को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इन्होंने किसानों को उनका हक अंग्रेजों से दिलाने के लिए काम किए थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज भी जिस मुख्य कार्य के लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतों का एकीकरण। आज भारत को उनके विचारों को कार्यरूप देने की जरूरत है। - *रतन साहू, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



बेहतर रेल कनेक्टिविटी की दिशा में एक और कदम, और वह भी तकनीक और नवाचार के शहर बेंगलुरु से! वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगी। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### सिख नरसंहार



1 नवंबर को दिल्ली की धरती 1984 के सिख नरसंहार के निर्दोष पीड़ितों को याद करती है, जबकि उसी दिन राहुल गांधी की कांग्रेस 'लोकतंत्र बचाने' का ढोंग रच रही है। शर्मनाक! कांग्रेस के माथे पर 1984 का कलंक लगा है। इसे राहुल गांधी के 'लोकतंत्र बचाने' के नारों से नहीं धोया जा सकता। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### लोकतंत्र का मज़ाक



विपक्ष के नेता राहुल गांधी की राजनीति अब केवल झूठे नैरेटिव गढ़ने, संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करने तक सिमट कर रह गई है। संसद में भ्रामक दावे करने वाले कांग्रेस के 'युवराज' ने आज अपनी 'नकली संसद' में भी लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। - **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, भाजपा

### संजय का बेवक्त जाना



बहुत जल्दी चले गए संजय गुप्ता। उनके भीतर अभी बहुत सारा सिनेमा बाकी था, उनके सामने अभी कई साल और कई कहानियाँ थीं। सच में दिल तोड़ने वाला है... उनके परिवार को हिम्मत और शांति मिले। - **अजय देवगण,** फिल्म अभिनेता

## करंट अफेयर

# बाइनेंस से चोरी के लिए उत्तर कोरिया जिम्मेदार: एफबीआई



अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी की घटना को उत्तर कोरिया के हैकर्स ने अंजाम दिया जिसमें कुछ ही मिनट के भीतर बाइनेंस से अरबों डॉलर की डिजिटल मुद्रा चोरी कर ली गई। एफबीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ साइबर हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नामक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। उसने कहा कि इसी समूह ने पिछले साल बायबिट पर 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की साइबर चोरी को भी अंजाम दिया था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंज, ब्लॉकचेन विश्लेषण कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों से विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों से जुड़े लेनदेन रोकने का आग्रह किया है, ताकि चोरी की गई रकम को उसके स्रोत को छिपाने के लिए अवैध रूप से इधर-उधर न किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से इथेरियम नामक क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्त (डीफाई) मंचों और 'इंस्टेंट स्वैप सर्विसेज' के जरिये इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का प्रयास करेंगे।

## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com






## शाहरुख के 61वें बर्थडे पर रिलीज होगा 'किंग' का टीजर

**नई दिल्ली।** 2 नवंबर को शाहरुख खान 61 साल के हो जाएंगे और उनके जन्मदिन से पहले उनकी अपकमिंग फिल्म 'किंग' से जुड़ी किसी घोषणा या खुलासे को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रहस्यमयी पोस्ट डालने और ऐसी खबरें आने के बाद कि फिल्म का पहला गाना इस मौके पर आ सकता है, फैंस अब किसी और सरप्राइज की उम्मीद में 'मन्नत' की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। फिलहाल शाहरुख खान के बांद्रा स्थित घर 'मन्नत' में बड़े पैमाने पर काम चल रहा है, जिसके चलते वे और उनका परिवार अभी पाली हिल के एक आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट में रह रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



### पहली एआई फीचर फिल्म फ्लॉप

**लॉस एंजिल्स।** चीनी बॉक्स ऑफिस पर एक एआई फिल्म किस्मत आजमाने उतरी थी। हालांकि, फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। इससे साफ है कि इस तरह की फिल्मों का भारत में ही नहीं विदेश में भी कोई भविष्य नहीं है। एलन मस्क की 'द ओडिसि' के एआई वर्जन पहले ही अमेरिका के दर्शकों को नागवार गुजरी थी। इस बीच चीन में सानत्सिंगडुई: फ्यूचर पास्ट नाम की एक फुली एआई फिल्म रिलीज की गई। ये फिल्म पिछले हफ्ते थियेटर्स में रिलीज हुई थी। ये फिल्म दस हजार से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई।

## लाइफ Style

## दीपिका

### दूसरी बेटी के जन्म के बाद बनीं मल्टीटास्कर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दीपिका पादुकोण हाल ही में दूसरी बार मां बनी हैं और अब अपना पूरा समय अपनी दोनों बेटियों दुआ और देवी को दे रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया है और बताया है कि वह इन दिनों खाना, पीना, एक्सरसाइज और सोना कैसे कर रही हैं।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पिछले महीने ही दूसरी बार माता-पिता बने हैं। एक्ट्रेस ने 19 सितंबर को अपनी दूसरी बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम कपल ने 'देवी' रखा है। दीपिका और रणवीर ने दशहरे के मौके पर अपनी दूसरी बेटी के नाम का ऐलान किया था। दोनों ने अपनी फैमिली फोटो शेयर की, जिसमें दुआ अपनी छोटी बहन पर प्यार लुटाती नजर आईं। अब दीपिका ने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट शेयर करते हुए अपना हाल बयां किया है और बताया कि दो बेटियों के जन्म के बाद वह अपने समय को कैसे मैनेज करती हैं। उन्होंने पहले तो ब्रेस्ट मिल्क पंप का एक वीडियो शेयर किया है और दूसरे में अपना रूटीन साझा किया है। दीपिका पादुकोण ने कुछ घंटे पहले अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक ब्रेस्ट मिल्क पंप का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें ब्रेस्ट पंप की आवाज आ रही है। इस आवाज की तुलना उन्होंने हॉन्टेड हाउस से की है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक डरावना घर, लेकिन असल में यह आधी रात को आपके ब्रेस्ट पंप की आवाज है।' वीडियो में नजर आ रही महिला ने सफेद कपड़े पहन रखे हैं और अपना चेहरा भी ढक रखा है और आंखों पर काला चश्मा लगा रखा है। गोद में ब्रेस्ट मिल्क पंप वाली मशीन रखी है। वहीं, एक्ट्रेस ने जो अन्य वीडियो शेयर किया है, उसके कैप्शन में लिखा है- 'बेबी सोई है।.. अब मैं क्या करूं खाना, नहाना, सोना या एक्सरसाइज?'

## कटा हुआ हाथ बनकर पार्टी में पहुंचीं हेइडी



**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल हेइडी अपनी हैलोवीन पार्टी में कटे हुए हाथ के रूप में पहुंचीं। उनका यह लुक इतना अजीब और डरावना था कि हर कोई उन्हें देखता रह गया। अब उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। हेइडी क्लम ने शनिवार रात न्यूयॉर्क में अपनी मशहूर हैलोवीन पार्टी का आयोजन किया। इस साल उनकी पार्टी की 25वीं सालगिरह भी थी। इस खास मौके पर उन्होंने अपने कॉस्ट्यूम के लिए एक कटे हुए हाथ का लुक चुना। खास बात यह थी कि इस कॉस्ट्यूम में उन्होंने अपने ही हाथ को दोबारा बनाया था। इसमें खून से सनी कलाई, अंगूठियां और खूबसूरत नेल आर्ट भी नजर आई। वहीं, हाथ के बीच में उनका सिर दिखाई दे रहा था। हेइडी क्लम अपनी पार्टी में एक खास ट्रक से पहुंचीं।

## टीवी मसाला



### मुझे अपनी जिंदगी में कोई मर्द नहीं चाहिए : अंशा

**नई दिल्ली। शो** सीआईडी की अभिनेत्री अंशा सैयद टीवी का एक जाना पहचाना चेहरा हैं। इंडस्ट्री में तो उन्होंने अपने अभिनय की छाप छोड़ी ही है, वह दर्शकों की भी चहेती हैं। अभिनेत्री अपनी निजी जिंदगी के बारे में कम ही बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कई बातें बताई हैं। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि वह सिंगल हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जो महिलाएं बहुत आत्मनिर्भर होती हैं, उन्हें इससे गुजरना पड़ता है। बहुत सारे लोग पूछते हैं कि तुम्हारा कोई पार्टनर क्यों नहीं है। मुझे नहीं पता कि पार्टनर क्यों नहीं है। कई बार आत्मनिर्भर होने की वजह से, तो कई बार फेल रिलेशनशिप की वजह से ऐसा होता है।' अभिनेत्री ने अपने रिश्ते के बारे में कहा, 'मेरे फेल रिलेशनशिप को भी 15 साल हो गए हैं। इसके बाद मैं कई लोगों से मिली, लेकिन बात नहीं बनी। मजबूत महिलाओं के साथ ऐसा होता है। 13 साल से मैं सिंगल हूं और मैं किसी रिलेशनशिप नहीं रही। ना ही किसी तरह की सिचुएशनशिप में रही।' शादी करने के बारे में अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे अपनी जिंदगी में कोई मर्द नहीं चाहिए। तीन से चार साल पहले मुझे एहसास हुआ कि मुझे जिंदगी में मर्द की जरूरत नहीं है। ना ही मैं शादी करूंगी। अगर कोई ऐसा आ गया जो मुझे शादी मैटेरियल लगा, तो मैं सोच सकती हूं।' अंशा सैयद के मुताबिक उनके माता-पिता अलग-अलग धर्मों से आते हैं। वह किस धर्म को फॉलो करती हैं, इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री ने कहा 'जब मेरे मम्मी-पापा की शादी हुई, तो दोनों अपने-अपने रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधे। मम्मी-पापा ने निकाह भी किया और शादी भी। मैं नमाज भी पढ़ती हूं, पूजा भी करती हूं। हम ईद में खीर बनाते हैं और दिवाली पर पूजा भी करते हैं।'

### 13 साल का रिश्ता और 15 मिनट में रचा ली शादी

**नई दिल्ली।** आपने एक कहावत सुनी होगी 'चट मंगनी पट ब्याह'। अक्सर अरेंज मैरिज में कोई अच्छा रिश्ता मिल जाए तो शादी भी तुरंत करने का फैसला ले लिया जाता है। मगर, जहां एक दशक से ज्यादा की दोस्ती और मोहब्बत हो, वहां शादी के अरमान भी कुछ खास होते होंगे। कम से कम दो-तीन दिन के फंक्शन की प्लानिंग तो आम बात है। मगर, हिना खान के मामले में कहानी थोड़ी फिल्मी है। इन्होंने और रॉकी ने 15 मिनट से भी कम वक्त में शादी रचा ली। ऐसा खुलासा खुद हिना खान ने किया है। हिना खान ने रॉकी से शादी उस वक्त की थी, जब वे ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही थीं। उन्हें स्टेज तीन का कैंसर पता चला था। बीमारी के दौरान रॉकी उनके साथ डटे रहे। हिना ने बताया कि कैंसर के उपचार के दौरान ही उन्होंने शादी करने का फैसला किया था और यह अचानक लिया गया निर्णय था।



## धर्मेंद्र-हेमा की बेटी होने की वजह से भी मुश्किल रहा एशा का फिल्मी सफर

**मुंबई।** फिल्मी परिवार से आने वाले कलाकारों को अक्सर अपनी मेहनत और प्रतिभा साबित करने के लिए दोहरी कसौटी पर परखा जाता है। दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र और अभिनेत्री हेमा मालिनी की बेटी एशा देओल भी इस तुलना से अछूती नहीं रही हैं। हालांकि, 25 साल के कॅरियर में उन्होंने आलोचनाओं को नजरअंदाज कर अपने काम पर ध्यान देना सीखा है। एशा का मानना है कि दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अच्छी कहानी सबसे जरूरी है और बॉक्स आफिस पर सफलता की असली नायक भी कहानी ही होती है। 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म प्रताप में एशा एक ऐसी पत्नी के रोल में हैं, जिसे उसके पति की योग्यता के कारण सम्मान मिलता है, लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि सब कुछ बदल जाता है।



### हेमा ने ऐशा को दी थी ये सलाह

यह करियर की शुरुआत में ही मेरी मम्मी ने बताया था की आप इस लाइन में हैं, तो तैयार रहिए की तुलना होगी। खासकर मैं लड़की हूं, तो मेरी तुलना मम्मी से होती। लगातार जरुरत से ज्यादा देख-परख तो आज भी होती है, लेकिन आपको इस लाइन में थोड़ा बहुत ठीठ होना पड़ता है। रोने-धोने से या डरने से कुछ नहीं होता है। अपना फोकस रखो, चमड़ी मोटी करो।

### इंडस्ट्री में एशा के 25 साल पूरे

*सोचिए मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं, तो मैंने अपनी चमड़ी कितनी मोटी कर ली होगी। प्रताप फिल्म में कर्मों की बात भी होगी। मैं कर्म में बहुत यकीन करती हूं, ऐसे में कहीं न कहीं मेरे कर्म अच्छे थे, तो मैं अपने माता-पिता के यहां पैदा हुई हूं।*

### माता-पिता की उपलब्धियों के आधार पर होती है तुलना

फिल्म इंडस्ट्री में ऐशा को उनके माता-पिता की उपलब्धियों के आधार पर आंका जाना स्वाभाविक था, लेकिन वह इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तैयारी के साथ इंडस्ट्री में आई थीं। एशा कहती हैं कि लोग तो आज भी आंकते हैं, जज करते हैं। मेरे ख्याल से आज भी यह सबसे ज्वलंत विषय है। यह ऐसी लहर है, जो चलेगी, फिर रुकेगी और फिर चलेगी। आप इन चीजों से परेशान नहीं हो सकते हैं। अगर आप पर इन चीजों को असर हो रहा है, तो समझ जाइए की आप गलत पेशे में हैं।

## रावण और जटायू के फाइट सीन में लगे 6 साल : नितेश

### टीम ने 'पुष्पक विमान' पर लगभग दो साल किया काम

**नई दिल्ली।** 'रामायण: राइज ऑफ अ लेजेंड' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए सालों की योजना और मेहनत लगी है। निर्देशक नितेश तिवारी ने अब फिल्म के कुछ अहम दृश्यों को बनाने के प्रोसेस के बारे में बात की है। लेकिन, क्या आप सोच सकते हैं कि फिल्ममेकर को इस मूवी के सिर्फ एक सीन को शूट करने के लिए छह साल से भी अधिक समय लगा? जी हां, रावण और जटायु के युद्ध सीन को लेकर ऐसी ही बात कही जा रही है। एक बातचीत में नितेश तिवारी ने बताया कि सिर्फ रावण और जटायु के बीच की लड़ाई को पूरा करने में साढ़े छह साल लग गए। इसके अलावा, टीम ने 'पुष्पक विमान' पर लगभग दो साल काम किया। फाइनल लुक तय करने से पहले उन्होंने इसके दर्जनों डिजाइन पर विचार किया। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में हजारों लोग शामिल थे और सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस को सही ढंग से तैयार करने के लिए कितनी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। रावण और जटायु की लड़ाई को साकार करने में कई सालों की योजना और मेहनत लगी। फिल्म निर्माता ने



बताया कि कलाकारों के साथ पहली चर्चा से लेकर इसके पूरी तरह तैयार होने तक, इस एक सीक्वेंस को बनाने में उनकी टीम को साढ़े छह साल लग गए। उन्होंने कहा,'क्या आप जानते हैं कि रावण और जटायु की लड़ाई को पूरा करने में हमें कितना समय लगा? जब मैंने पहली बार कलाकारों को इसके बारे में बताया था, तब से लेकर काम पूरा होने तक, पूरे साढ़े छह साल लग गए। सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस! हर चीज को बिल्कुल शुरुआत से बनाने में कितनी मेहनत लगी है, यह बताने के लिए मैं एक घंटे तक लगातार बात कर सकता हूं।

## आदिवासियों की संस्कृति और मेलों से दुनिया को कराया परिचय

## पर्दे पर उतारा आदिवासियों का जीवन, ऋत्विक के सिनेमाई सफर की रोचक कहानी

*रांची। आदिवासी जीवन को करीब से देखने वाले उस फिल्मकार ने कॅरियर की शुरुआत की थी उन पर आधारित वृत्तचित्रों से और जीवन भर फिल्मों में दिखाई अभाव, विस्थापन और उत्पीड़न के चक्रव्यूह में फंसे जीवन की कुछ वैसी ही छवियां। भारतीय फिल्मकारों में ऋत्विक कुमार घटक एक अलग और विशिष्ट स्थान रखते हैं। बांग्ला सिनेमा की प्रसिद्ध त्रयी में वे सत्यजित रे और मृणाल सेन के साथ गिने जाते हैं। 1955 में जब सत्यजित रे की पहली फिल्म 'पाथेर पांचाली' पर्दे पर आई, तब ऋत्विक घटक तत्कालीन बिहार के सुदूरवर्ती इलाके (वर्तमान झारखंड) में आदिवासियों के बीच काम कर रहे थे। कोलकाता से उनका यहाँ आना अचानक नहीं हुआ था। बिहार सरकार का जनसंपर्क विभाग अपने दक्षिणी इलाके 'छोटानागपुर' में रहने वाले आदिवासियों के जीवन, संस्कृति और मेलों से दुनिया को परिचित कराना चाहता था। इस समृद्ध विरासत को सहेजने के लिए सरकार ने वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) निर्माण का निर्णय लिया था।*



### वृत्तचित्र निर्माण और शुरुआती जुड़ाव

उस समय राधाकृष्ण बिहार सरकार की पत्रिका 'आदिवासी' के संपादक थे। उन्हें सिनेमा की अच्छी समझ थी और मुंबई व कोलकाता में फिल्म लेखन से जुड़े रहने के कारण सरकार ने इस काम के लिए उनका चयन किया। राधाकृष्ण के संपर्क में आए ऋत्विक घटक उस समय युवा, होनहार और काम के प्रति बेहद समर्पित थे। बिहार सरकार ने वृत्तचित्र निर्माण के लिए कोलकाता के अरोरा स्टूडियो से करार किया था। राधाकृष्ण के लेखन के आधार पर ऋत्विक घटक ने तीन प्रमुख वृत्तचित्र बनाए: 'आदिवासियों का जीवन स्रोत', 'उरांव' और 'बिहार के पर्यटन स्थल'। इनमें से 'आदिवासियों का जीवन स्रोत' ही आज उपलब्ध है।

### विस्थापन का दर्द और फिल्मों में वापसी

ऋत्विक घटक ने भले ही आजीविका के लिए वृत्तचित्र बनाए हों, लेकिन छोटानागपुर के प्रति उनका जुड़ाव उनकी बाद की फिल्मों में भी साफ दिखा। 1957 में उन्होंने 'उरांव' का निर्देशन किया, जिसे उनकी प्रसिद्ध फिल्म 'अजांत्रिक' की शुरुआती कृति माना जाता है। इसकी शूटिंग 1955 में छोटानागपुर में हुई थी और इसके कुछ फुटेज 'अजांत्रिक' में भी इस्तेमाल किए गए। रांची में शूटिंग के दौरान उनका उरांव और मुंडा समुदाय से गहरा रिश्ता बन गया था। इस समुदाय के बार-बार विस्थापित होने के इतिहास ने ऋत्विक को अंदर तक प्रभावित किया। वे विस्थापन के साथ विभाजन के दर्द को महसूस कर रहे थे, जो उनकी फिल्मों में बार-बार लौटकर आया।

### रांची से लिखा ऐतिहासिक पत्र

22 फरवरी 1955 को ऋत्विक घटक ने रांची से अपनी भावी पत्नी सुरमा को एक पत्र लिखा था, जो उनके इस जुड़ाव को दर्शाता है। उन्होंने लिखा- "पिछले कुछ दिनों से मैं रांची में पूरे उत्साह के साथ काम कर रहा हूं। पर क्या खुशी है, कैसे बताऊं? पूरा दिन उनके बीच बिता रहा हूं, उनकी मिट्टी का स्वाद ले रहा हूं, उनके गीतों की मधुर धुनें और उनके नृत्यों की मादक लय, उत्पीड़ित जीवन में जीने की उनकी तड़प। मैं इस हकीकत का बस एक टुकड़ा ही अपने साथ ले जा सकता हूं, लेकिन इससे मुझे पक्का यकीन हो गया है कि मैं लोगों को समझा सकता हूं। मैं फिर से वापस आना चाहता हूं, और भी बड़ी, ज्यादा यथार्थवादी और व्यापक फिल्में बनाने के लिए।"

### अजांत्रिक और मुख्यधारा का सिनेमा

बाद में जब ऋत्विक घटक ने अपनी पहली व्यावसायिक बांग्ला फिल्म 'अजांत्रिक' (1958) बनाई, तो वे फिर से शूटिंग के लिए रांची और उसके आसपास के इलाकों में लौटे। इस फिल्म की सबसे खास बात यह थी कि पहली बार भारतीय बड़े पर्दे पर आदिवासी समाज को इतने यथार्थवादी ढंग से दिखाया गया, जिससे मुख्यधारा के दर्शक उस दौर के आदिवासी जीवन और उनकी सामूहिक संरचना को समझ सके।

**आदिवासी संस्कृति का गहरा अनुभव** : जब ऋत्विक घटक का आदिवासी जन-जीवन से परिचय हुआ, तब उनकी उम्र 30 वर्ष थी। उन्होंने आदिवासियों के इतिहास, संस्कृति, सौंदर्य बोध, सरल जीवनशैली और अभावों के बीच भी आनंद से जीने की प्रवृत्ति को बहुत गहराई से अनुभव किया। उनके इस दृष्टिकोण को उनके लेख 'अबाउट उरांव' में भी समझा जा सकता है। 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'आदिवासियों का जीवन स्रोत' में आदिवासियों का पूरा जीवन, मेले, विवाह, नृत्य, शिकार का उत्सव, करमा पूजा, पड़हा व्यवस्था, घर-मकान और झरने सब कुछ समेटा गया है। पार्श्व में बजता नगाड़ा, बांसुरी की कोमल धुन और मांदर-ढोल का संगीत इस वृत्तचित्र को जीवंत बनाता है। ऋत्विक घटक का मानना था कि वृत्तचित्र बनाने के लिए लोगों के प्रति गहरा प्रेम होना जरूरी है, क्योंकि वृत्तचित्र मानव जीवन के सच्चे दस्तावेज होते हैं।

### पीएम एंडी ने कहा- पहले जो भी क्रूरता की गई है उसकी छाप अभी मिटी नहीं है

# गुलामों के व्यापार को लेकर भारत समेत 56 देशों से माफी मांगेगा ब्रिटेन, लेकिन मुआवजा नहीं देगा

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा है कि वह गुलामों के व्यापार को लेकर सभी कॉमनवेल्थ देशों से माफी मांगने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने मुआवजा देने से साफ इनकार किया है।**

- गलती का अहसास होने पर 1833 में ब्रिटेन की संसद ने गुलामी को गैरकानूनी घोषित किया
- गुलामों के व्यापार से ब्रिटेन ने सबसे ज्यादा पैसा कमाया

एजेंसी ▶▶ लंदन



कॉमनवेल्थ समिट में शामिल होने से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ट्रांस अटलांटिक स्वेल ट्रेड यानी गुलामों के व्यापार को लेकर वह खुले मन से माफी मांगने को तैयार हैं।हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके लिए वह कोई भी मुआवजा चुकाने के लिए तैयार नहीं हैं। द गार्डियन में लेख के माध्यम से यूके के प्रधानमंत्री ने यह बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि गुलामों के व्यापार को लेकर भारत समेत 56 देशों से माफी मांगने को तैयार है लेकिन मुआवजा नहीं देगा।

### लोगों के दर्द का अहसास ब्रिटेन को है

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा कि उन्हें लोगों के उस दर्द का एहसास है जो कि उन्होंने झेला है। इसका उन्हें बहुत दुख है। एंडी ने कहा कि पहले जो भी क्रूरता की गई है उसकी छाप अभी मिटी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुआवजा बांटना इसका कोई समाधान नहीं है। यह एक अत्याचार के बदले दूसरी तरह का अत्याचार ही कहा जाएगा। क्योंकि ब्रिटेन के आज के लोगों को इन घटनाओं का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इस समय ब्रिटेन के किंग चार्ल्स कैरेबियन देशों के दौरे पर निकले हैं।

### मारे गए लगों को श्रद्धांजलि दी

*चार्ल्स ने बहामास में भी गुलामी का जिक्र किया था और ब्रिटेन के शासनकाल में मारे गए लगों को श्रद्धांजलि दी थी। अब तक ब्रिटेन की ओर से कभी इस तरह की माफी नहीं मांगी गई। हालांकि इस मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए अब ब्रिटेन ने माफी मांगनी ही ठीक समजा। ब्रिटेन का कहना है कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गुलामों के व्यापार से उसने पैसा कमाया लेकिन बाद में इसे बंद करने में भी उसने भूमिका निभाई। 1833 में ब्रिटेन की संसद ने गुलामी को गैरकानूनी घोषित किया था। संसद में इस तरह का प्रस्ताव पास होने के बाद भी ब्रिटेन ने दूसरे देशों पर राज करना नहीं छोड़ा और उनका शोषण करता रहा।*

### पीएम मोदी से मिलने और उनसे बात करेंगे पीएम एंडी बर्नहम

### जल्द भारत आ सकते हैं बर्नहम

ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवार को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर के मुताबिक पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### ईरान ने ब्रिटेन की सेना-खुफिया एजेंसी को आतंकी घोषित किया

**तेहरान।** ईरान और ब्रिटेन के बीच कूटनीतिक तनाव और गहरा गया है। ईरान ने ब्रिटेन की रॉयल नेवी, रॉयल एयर फोर्स और विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) को आतंकवादी संगठन और शत्रुतापूर्ण समूह घोषित किया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस फैसले की घोषणा की। इसके बाद ब्रिटेन का सैन्य और खुफिया तंत्र ईरान के सुरक्षा कानूनों के दायरे में आ गया है।



### कपड़ा मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन पुलिस चौकी फूंकी,गाड़ी जलाई

**ढाका।** बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर रविवार को कपड़ा फैक्ट्रियों के मजदूरों ने राजधानी ढाका समेत तीन इलाकों में प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जगह हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके, एक पुलिस वाहन में आग लगा दी और गाजीपुर में पुलिस चौकी को भी फूंक दिया। अशुलिया में कम से कम 30 कपड़ा फैक्ट्रियां बंद रहीं। मजदूरों की मांग है कि उनका न्यूनतम मासिक वेतन 9,600 रुपए से बढ़ाकर करीब 23 हजार रुपए किया जाए।



### ऑनलाइन चोरी सीख बुर्के में वारदात करने वाली पकड़ाई

**हैदराबाद।** स्थानीय पुलिस ने पागा जया नाम की 25 साल की एक महिला को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने कई बंद घरों से सोने के गहने, नकदी और एक आईफोन 17 मोबाइल चुराया, जिनकी कुल कीमत लगभग 70 लाख रुपये है। पुलिस के मुताबिक, जया अपनी पहचान छिपाने के लिए बुर्का पहनकर चोरी करती थी। उसने घर तोड़ने और चोरी करने के तरीके ऑनलाइन सीखे थे। हैरानी की बात यह है कि उसके पति को इन सब की भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने उसे अभी तक पांच अलग-अलग चोरी के मामलों से जोड़ा है।

### चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बिगड़ा मौसम

# नेपाल के डोल्पा में भारी बर्फबारी के बाद 6 भारतीय पर्यटक लापता

**नेटवर्क गायब होने से राहत कार्य में बाधा हेलिकॉप्टर से बचाव अभियान जारी**

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के उच्च हिमालयी क्षेत्र डोल्पा में अचानक हुए भारी हिमपात के कारण छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। लापता पर्यटकों में दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। यह सभी पर्यटक डोल्पा के धो क्षेत्र से सुप्रसिद्ध शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान अत्यधिक बर्फबारी के कारण उनके नुमला पास और वागला पास के पास फंस जाने की गंभीर आशंका जताई जा रही है। पर्यटकों से कोई संपर्क नहीं होने के बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव के चलते नेपाल के उच्च हिमालयी इलाकों में मौसम अचानक काफी खराब हो गया है। स्थानीय गाइडों और ग्रामीणों ने पर्यटकों को मौसम खराब होने और दर्रे पार न करने की चेतावनी दी थी, लेकिन पर्यटक आगे बढ़ गए और वापसी के दौरान बर्फबारी की चपेट में आकर संपर्क विहीन हो गए। शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के अध्यक्ष धावा सम्दुक गुरुङ के अनुसार, नुमला पास और वागला पास क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और संचार सुविधा बिल्कुल नहीं है।



चौतरफा दिख रहा तबाही का मंजर

### नेपाली सेना तैनात, हेलिकॉप्टर बढ़ाने की मांग

डोल्पा की प्रमुख जिला अधिकारी जुनु हमाल और डीएसपी अनिलराज गिरी ने बताया कि लापता भारतीय पर्यटकों की सुरक्षित निकासी के लिए नेपाल सरकार से हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही लापता पर्यटकों की तलाश के लिए नेपाली सेना की विशेष टीम को भी मैदान में उतार दिया गया है। हालांकि, खराब मौसम और घने हिमपात के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

### लापता लोगों में दो महिलाएं भी शामिल

भारत के टूरिस्ट, जिनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं, के लापता होने की पुष्टि हुई है, जब वे डोल्पो बुद्ध रूरल म्युनिसिपैलिटी के वार्ड नंबर 4 और 8 से शे-फोकसुंडो झील की ओर जा रहे थे। लोकल गाइड को शक है कि टूरिस्ट हिमालयी इलाके में भारी बर्फबारी के बाद फंस गए होंगे , जो बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोन अर्नब की वजह से हुआ है। माना जा रहा है कि लौटते समय वे बर्फ में फंस गए।

### लौटते समय बर्फ में फंसे!

*डोल्पा की चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर जुनू हमाल ने कन्फर्म किया कि टूरिस्ट धो से फ्रोकसुंडो लेक की ओर लौटते समय फँस गए थे। उन्होंने कहा, उन्हें लोकल लोगों ने खराब मौसम और पहाड़ों के हालात के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन वे अपनी यात्रा पर निकल गए। वहीं, पालिका के चेयरमैन धवा समदुक गुरुंग ने कहा, वार्ड 4 और 8 के बीच पहाड़ी दर्रों में मोबाइल फ्रोन कम्युनिकेशन उपलब्ध नहीं है, जिससे टूरिस्ट कहाँ हैं और उनकी मौजूदा हालत के बारे में जानकारी मिलना मुश्किल हो जाता है।*

### घाना के नागरिक समेत 4 गिरफ्तार

# दिल्ली-एनसीआर में कोकीन तस्करी सिंडिकेट का खुलासा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराज्यीय कोकीन आपूर्ति तंत्र का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में घाना के एक नागरिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह दक्षिण दिल्ली और गुरुग्राम के प्रमुख शराबखानों और मनोरंजन स्थलों में युवाओं को निशाना बना रहा था।

- 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद

क्राइम ब्रांच दिल्ली और एनसीआर में संगठित मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। 26 मई 2026 को मुख्य आरक्षी संदीप कादियान को गुप्त सूचना मिली थी।

### आरोपी हुकमुद्दीन से होंगे खुलासे

*टीम ने द्वारका सेक्टर 9 में जाल बिछाकर हुकमुद्दीन को पकड़ा। उसके पास से 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई। इस संबंध में क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। यह प्राथमिकी संख्या 139/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के अंतर्गत थी। पूछताछ में हुकमुद्दीन ने बताया कि उसे यह कोकीन जाबिद हुसैन से मिली थी। जाबिद हुसैन को 17 अगस्त 2026 को नूंह मेवात, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। जाबिद ने मुश्ताक से कोकीन लेने की बात कबूली।*

### अफ्रीकी नागरिक से ड्रग बरामद

जांच के आधार पर, 20 अक्टूबर 2026 को चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन के किराए के मकान पर छापा मारा गया। यह मकान दिल्ली के खानपुर स्थित देवली एक्सटेंशन में था। वहां से 30 ग्राम कोकीन, पांच चलभाष, एक अंकीय वजन मशीन और प्लास्टिक के पाउच मिले। चार्ल्स ओवुसु ने बताया कि वह डेविड नामक नाइजीरियाई व्यक्ति से कोकीन लेता था। इस मुख्य आपूर्तिकर्ता और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।

### दिल्ली पुलिस ने लिया एक्शन

# मोदी और उनकी मां से जुड़े वीडियो केस में बिहार कांग्रेस को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के एआई वीडियो पर दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई की है। काउंटर इंटेलिजेंस स्पेशल सेल ने बिहार कांग्रेस को नोटिस भेजा है। दिल्ली पुलिस ने अमित कुमार मंडल को 5 नवंबर 2026 को पूछताछ के लिए तलब किया है। ये वीडियो कांग्रेस पार्टी के बिहार के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया गया था। पुलिस इस मामले से जुड़े एक मोबाइल नंबर की जांच कर रही है, जो बिहार कांग्रेस से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम पटना पहुंची और बिहार कांग्रेस मुख्यालय 'सदाकत आश्रम' के बाहर नोटिस लगाया है। दिल्ली पुलिस की ओर से जारी नोटिस में अमित कुमार मंडल को खासतौर पर तलब किया गया है। जांच के सिलसिले में उन्हें 5 नवंबर 2026 को सुबह 11:00 बजे नई दिल्ली के भरत नगर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित काउंटर इंटेलिजेंस स्पेशल सेल के दफ्तर में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने कांग्रेस के एक्स हैंडल का आधिकारिक इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति का नाम, 1 जुलाई 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक इस एक्स अकाउंट को इस्तेमाल करने के लिए अधिकृत लोगों की लिस्ट भी मांगी गई है।

### दिल्ली पुलिस ने मांगे सिम कार्ड और फोन

नोटिस के मुताबिक, अमित कुमार मंडल को पूछताछ के लिए अपने साथ कुछ जरूरी दस्तावेज और चीजें लाने को कहा गया है। इनमें संबंधित मोबाइल नंबर का सिम कार्ड और 1 जुलाई 2025 से अब तक इस्तेमाल किए गए वो सभी मोबाइल हैंडसेट (जिनमें इस नंबर का इस्तेमाल किया गया हो) शामिल हैं।

# अमेरिका में हैलोवीन वीकेंड पर कई शहरों में फायरिंग, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ टेक्सास

अमेरिका में हैलोवीन वीकेंड के दौरान जश्न में खलल पड़ गया है। अमेरिका के कई शहरों में नाइटलाइफ वाले इलाकों में गोलीबारी की घटनाएं हुई। इन घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। डलास में सबसे ज्यादा हिंसा हुई। पुलिस के मुताबिक, शहर के डीप एलम इलाके में हुई गोलीबारी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हुए। डीप एलम इलाका, गाने-रेस्तरां और नाइटलाइफ का सेंटर माना जाता है। इसके अलावा, फेयेटविले , बर्मिंघम और नेवार्क (डेलावेयर) जैसे शहरों में भी गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।



### बर्मिंघम में भी गोलीबारी की घटना

वहीं, पुलिस ने बताया कि शनिवार रात अलबामा के बर्मिंघम में मैजिक सिटी क्लासिक फुटबॉल मैच के बाद लीजन फील्ड के ठीक बाहर भी गोलीबारी की घटना हुई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग घायल हैं। इस घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

### डेलावेयर में यूनिवर्सिटी कैंपस के पास गोलीबारी

अमेरिका के डेलावेयर राज्य के नेवार्क शहर में यूनिवर्सिटी ऑफ डेलावेयर कैंपस के पास गोलीबारी हुई। इस घटना में छह लोग घायल हो गए. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बांदा में दुष्कर्म का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पुलिस हिरासत से रविवार तड़के दुष्कर्म का एक आरोपी हथकड़ी समेत फरार हो गया। बबेरू के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि बिसंडा थाने की पुलिस टीम ने देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी मलखान यादव को एक नाबालिग लड़की को भगाकर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि उसे हथकड़ी लगाकर पुलिस हिरासत में रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे आरोपी मलखान पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी समेत थाने से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आरोपी और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी एक महीने पहले बिसंडा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को भगाकर ले गया था हालांकि पुलिस ने शनिवार को नाबालिग लड़की को ढूंढ निकाला।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**घरेलु स्टाफ**
आवश्यकता है- घरेलू स्टाफ वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (संस्कारवान पुरुषों/लड़कों) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरे-116)

**ऑपरेटर/सुपरवाइजर**
आवश्यकता है- होटल प्रिंस बार में आवश्यकता है 1. 02 कंप्यूटर ऑपरेटर (बिलिंग सॉफ्टवेयर चलाने वाले की) 2. 03 वेटर्स की, एवं 01 होटल मैनेजमेंट किया हुआ सुपरवाइजर, 3. कृषि कार्य की देखरेख करने के लिए मैनेजर की जो कृषि की पढ़ाई किया हो संपर्क करें 8518811111.(आरे-242)

**पंप कर्मी**
आवश्यकता है- लड़कियों की आवश्यकता है। पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ संपर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, रायपुर | मो.- 8109135400, 9179380728.(आरे-145)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ऑपरेटर/अकाउंटेंट**
आवश्यकता है- रेपुटेड फर्म में कार्य करने हेतु कंप्यूटर आपरेटर अकाउंटेंट (पुरुष) सेल्स एग्जीक्यूटिव (पुरुष) एवं हेल्पर (लेबर) की आवश्यकता है। संपर्क-7000556723. (आरे-om)

**Property प्रापर्टी**

**खरीदी/बिक्री**
खरीदी बिक्री- भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुड़मुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो:- 7723023077, 7000058909. (आरे-237)

**जमीन**
जमीन बेचना है- रायपुर रोड, धमतरी - संबलपुर में स्थित ( लगभग) 19000 वर्गफीट नेशनल हाईवे पर जमीन बेचना है। संपर्क करे - मो. नं. 9425203208. (आरे-0192)

**प्लाट**
बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से लगी कॉलोनी में सभी साइज, सुविधाओं सहित प्लॉट उपलब्ध रेलवे स्टेशन, कालेज, हॉस्पिटल्स, स्कूल, पेट्रोल पम्प मेन मार्केट से लगा रेट 1800/- वर्गफुट सम्पर्क- 9893958173. (आरे-42041)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**For Rent किराया**
किराये से देना है - भवन किराए पर उपलब्ध है। ऑफिस एवं गोदाम हेतु 3000, 1500 एवं 1000 वर्गफुट जगह उपलब्ध। पता: जी.डी. शेष निलियम बिल्डिंग, तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़। संपर्क: 9826135333.(आरे-010)

**Finance फायनेंस**
फाइनेंस - विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क:- 9438611245. (आरे-103)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का करम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, विकित्सकीय सलाह, शिक्षा संबंधित) या किसी भी डील-डाल पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेवा ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावे की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के संबंध और विज्ञापन दाताओं के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare




CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि
अखबार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 550 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 380/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Bisply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE |
|---|---|
| Raipur City | 3000 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 |
| Raipur Edition | 4400 |
| Bilaspur City | 2500 |
| Bilaspur Edition | 3800 |
| All CG | 5500 |

2+1
5+3
10+10
15+18

MATRIMONIAL CG+MP (Runing Matter) (Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday 800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday 1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday 1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FOR BOX

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## जैकेट के शेष

### मांडविया बोले-विकसित छत्तीसगढ़ ....

करना होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा सहित प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, निगम-मंडलों के पदाधिकारी, अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। राज्योत्सव के शुभारंभ के साथ प्रदेश की विकास यात्रा, सांस्कृतिक विरासत और जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

**बस्तर को शांति और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास** : मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलवाद लंबे समय तक प्रदेश के विकास में बाधा बना रहा। केंद्र सरकार के सहयोग, सुरक्षा बलों के साहस और स्थानीय लोगों के समर्थन से बस्तर को शांति और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहां सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है।

**पर्यटन और लोकसंस्कृति से बढ़ेगा रोजगार** : संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ की पहचान पंडवानी, पंथी, ददरिया और जनजातीय परंपराओं से है। सरकार विकास के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। पंडवानी की महान परंपरा को सम्मान देने के लिए स्व. तीजन बाई के नाम पर राज्य अलंकरण शुरू किया गया है। उन्होंने चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, राजिम, रामगढ़ की प्राचीन गुफाओं और मैनपाट का उल्लेख करते हुए कहा, इन पर्यटन स्थलों में देश-दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है।

### बस्तर की बदल ....

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। औद्योगिक निवेश के लिए भी छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश के सभी राज्य विकसित होंगे, तभी विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

### अटल के संकल्प से ....

विश्वास जताया और 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। उन्होंने राज्य निर्माण में वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य गठन के समय प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। पिछले वर्षों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। प्रदेश की प्राकृतिक संपदा, वन क्षेत्र, उपजाऊ भूमि और मेहनतकश जनता विकास की सबसे बड़ी पूंजी है। सरकार इन संसाधनों का उपयोग जनकल्याण और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कर रही है।

### छग की 36 श्रेणियों में ....

कि राज्य अलंकरण सम्मान छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं, उनकी विशिष्ट उपलब्धियों तथा समाज और राज्य के विकास में उनके अतुलनीय योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। पत्रकार वार्ता के अवसर पर संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक संस्कृति विभाग डॉ. संजय कन्नौजे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**लोककलाओं को समर्पित प्रतिभाओं का होगा सम्मान** : साहित्य एवं कला के क्षेत्र में हबीब तनवीर सम्मान रायपुर के डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर, पंडित सुन्दरलाल शर्मा सम्मान रायगढ़ के डॉ. बिहारीलाल साहू, चक्रधर सम्मान डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति और दाऊ मंदराजी सम्मान रेखा जलक्षत्री को मिलेगा। लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान दुर्ग की साधना यादव, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार रायपुर के सी.एल. रात्रे, खुमान साव सम्मान चंद्रभूषण वर्मा, लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार दुर्ग के दुर्गा प्रसाद पारकर तथा संत रविदास सम्मान बालोद के जगदीश प्रसाद देशमुख को दिया जाएगा।

### संस्कृत भाषा, आदिवासी ....

पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार ध्रुव को सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान दंतेवाड़ा की दीपाली सरावगी, किशोर साहू सम्मान सैयद ताहिर अली (करन खान), किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण मोहन सुंदरानी और पंडवानी के लिए डॉ. तीजन बाई सम्मान दुर्ग के चेतन लाल देवांगन को प्रदान किया जाएगा।

### महादेव सट्टा एप ....

कारोबार, बैंक खातों और देश-विदेश में फैले सहयोगियों की भूमिका की पड़ताल कर रही हैं।

**सीबीआई की जांच में 100 से अधिक आरोपी** : छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से महादेव ऐप से संबंधित 13 एफआईआर सीबीआई को सौंपे जाने के बाद केंद्रीय एजेंसी ने जांच का दायरा बढ़ाया। जुलाई 2026 में सीबीआई ने छह अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसके अतिरिक्त एजेंसी ने सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और अन्य प्रमुख आरोपियों के खिलाफ पहले दाखिल आरोपपत्रों में अतिरिक्त साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे। सीबीआई के अनुसार, महादेव ऐप से संबंधित अलग-अलग मामलों में पांच आरोपपत्रों के जरिए 66 आरोपियों को नामजद किया गया था। बाद में सितंबर 2026 तक एजेंसी की ओर से आठ आरोपपत्रों में कुल 100 आरोपियों का उल्लेख सामने आया। इनमें कथित पैनल संचालक, हवाला कारोबारी, बैंक खातों के माध्यम से रकम स्थानांतरित करने वाले लोग और कुछ सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं।

**राजनीतिक और प्रशासनिक कनेक्शन की भी जांच** : महादेव ऐप प्रकरण छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी बड़ा विवाद बना था। ईडी ने अपनी जांच में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई राजनीतिक और प्रशासनिक लोगों के नाम का उल्लेख किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि सट्टेबाजी नेटवर्क को संरक्षण देने के बदले कुछ लोगों तक कथित रूप से बड़ी रकम पहुंचाई गई। ईडी ने पहले एक आरोपपत्र में भूपेश बघेल से जुड़े कथित 508 करोड़ रुपये के भुगतान का आरोप लगाया था। हालांकि बघेल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक साजिश बताया था। इन आरोपों को अदालत में सिद्ध तथ्य नहीं माना जा सकता। संबंधित व्यक्तियों की भूमिका जांच और न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है।

**डेढ़ माह पूर्व रेड कार्नर नोटिस** : ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के अनुसार सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार करने ईडी ने कोर्ट में आवेदन पेश कर रेड कार्नर नोटिस जारी कराया था। इसके बाद सीबीआई कोर्ट ने उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी किया था। बताया जा रहा है, दुबई में गिरफ्तारी की आशंका से सौरभ डर गया था इसीलिए वह चोरी छिपे ओमान पहुंच गया। इस बात की जानकारी भारत की जांच एजेंसियों को मिल गई। इसके बाद इंटरपोल की नोडल एजेंसी सीबीआई ने ओमन सरकार से सौरभ चंद्राकर की जानकारी देकर वहां उसकी गिरफ्तारी करवाई।

**कार्रवाई पूरी तरह से गोपनीय रखी गई** : महादेव सट्टा एप के प्रमोटर को दोपहर दो बजे सीबीआई की टीम अपने कब्जे में लेकर ओमन से मुंबई लाने फ्लाइट से उड़ान भरी। शाम पांच बजे के करीब सीबीआई की टीम उसे मुंबई लेकर पहुंची। उसे आज मुंबई कोर्ट में पेश करने के बाद सीबीआई उसे रायपुर लाएगी। सीबीआई की पूछताछ के बाद ईडी कोर्ट में उसे रिमांड पर लेने आवेदन पेश करेगी।

### दुबई में 200 करोड़ ....

खर्च किए गए थे। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि यह रकम अवैध सट्टेबाजी से अर्जित अपराध की कमाई का हिस्सा थी। इस आयोजन के बाद महादेव ऐप के वित्तीय नेटवर्क और विदेशों में मौजूद संपत्तियों को लेकर जांच तेज हुई थी।

### ओमान में गिरफ्तारी के ....

की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके लिए सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आवश्यक दस्तावेज और न्यायिक रिकॉर्ड तैयार किए थे। प्रत्यर्पण की औपचारिक प्रक्रिया में विदेश मंत्रालय और संबंधित केंद्रीय एजेंसियों ने भी समन्वय किया। जुलाई में उसकी गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद यह आशंका जताई गई थी कि ओमान में कथित फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के इस्तेमाल से संबंधित अलग मामला प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में देरी कर सकता है। अब भारतीय एजेंसियों ने उसे सफलतापूर्वक भारत लाने में कामयाबी हासिल की है।

### 6000 करोड़ के कथित ....

हवाला कारोबारियों के माध्यम से इधर-उधर किया गया। विदेशों में संपत्तियां खरीदने और नेटवर्क के संचालकों तक रकम पहुंचाने के आरोप भी जांच के दायरे में हैं। ईडी ने मार्च 2026 में इस मामले से संबंधित करीब 1,700 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच करने की कार्रवाई की थी। इनमें दुबई की संपत्तियां और भारत में स्थित कुछ अचल संपत्तियां शामिल बताई गई थीं। एजेंसी का आरोप है कि ये संपत्तियां सट्टेबाजी से अर्जित कथित अपराध की कमाई से खरीदी गई थीं।

## कार दुर्घटना में हनी सिंह के रिश्तेदारों की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर जिले में रविवार को एक कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा जाने से गायक हनी सिंह के एक रिश्तेदार सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दिवित औलख (18) की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए हनी सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में लिखा अपने भतीजे को खोना अत्यंत पीड़ादायक है। भोलेनाथ मेहर मेहर। दिवित पंजाबी संगीत कंपनी 'स्पीड रिकॉर्ड्स' के मालिक दिनेश औलख के बेटे थे।

## ओडिशा में जेल डीजी के खिलाफ पूर्व महिला अधिकारी ने दर्ज कराई शिकायत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओडिशा के जेल महानिदेशक रहे सुशांत कुमार नाथ पर एक पूर्व महिला जेल अधिकारी ने उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। महिला अधिकारी का कहना है कि जब उन्होंने नाथ के निजी मुलाकातों के आग्रह को ठुकरा दिया, तो उन्होंने उनके करियर और सुरक्षा को खतरे में डालने की धमकी दी। 31 अक्टूबर को उनकी शिकायत दर्ज होने के बाद, नाथ का तुरंत एक दूसरे सरकारी विभाग में तबादला कर दिया गया है और पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। पूर्व अधिकारी के अनुसार, यह परेशानी जून 2025 में तब शुरू हुई जब नाथ ने चौदवार सर्कल जेल का दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नाथ ने उन्हें आपत्तिजनक मैसेज भेजे और अपने एक सहयोगी के माध्यम से निजी मुलाकातों के लिए दबाव डाला।

■ मुलाकातों के लिए दबाव बनाने का आरोप

## उड़ीसा में 'अर्नब' में जान गंवाने वालों की संख्या छह हुई

**भुवनेश्वर।** दक्षिणी ओडिशा के एक गांव में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से हुई भारी बारिश और भूस्खलन के बाद से लापता हुए दो लोगों के शव रविवार को बरामद होने के साथ ही राज्य में तूफान की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। वहीं, लापता 10 अन्य लोगों की तलाश अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि गंजाम और कंधमाल जिलों की सीमा पर पहाड़ी पर बसा गिदिपाबली गांव में करीब 26 लोग रहते थे।




## बिहार के इंजी. कॉलेज में छात्रों में जमकर चले लाठी-पत्थर

**पटना।** बिहार के मोतिहारी में स्थित एक सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में हालात बेकाबू हो गए। सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच रगिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि वह देखते ही देखते एक सामान्य झगड़े से कहीं ज्यादा बड़ा रूप ले चुका था। छात्र एक-दूसरे पर लाठियों और पत्थरों से हमला करने लगे, जिससे पूरे कॉलेज परिसर में अफरातफरी फैल गई और काफी तोड़फोड़ हुई। यह भयंकर हिंसा बिना रुके लगभग 2 घंटे तक चलती रही, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

**संलिप्त पक्षों पर होगा मुकदमा दर्ज : पुलिस** : पुलिस ने साफ कर दिया है कि इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। कॉलेज प्रशासन की भूमिका पर भी अब सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जांच अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि उन्होंने इस पूरी घटना को कैसे संभाला।

**CHHATTISGARH TOURISM BOARD**
UDYOG BHAWAN, 2nd FLOOR, TELIBANDHA RAIPUR - 492 006
दूरभाष : ( 0771 ) 4024600, 4024611, 4224630 फैक्स : ( 0771 ) 4066425 ई-मेल : visitcg@gmail.com

NIT No. 1/724935/2026 — Date - 30-10-2026

**Notice Inviting Tender (NIT)**

**Subject -** Notice Inviting Request for Proposal (RFP) for Selection of Contractor for Balance work with external development for Pandrapath Resort, Dist. Jashpur, Chhattisgarhas mentioned in below table The Chhattisgarh Tourism Board (CTB) (the "Authority") has decided to Select a Contractor for Balance work with external development for Pandrapath Resort, Dist. Jashpur, Chhattisgarh. In this regard, CTB is inviting eligible bidders to submit Bid Online through Chhattisgarh e-Procurement website https://cgeproc.cgstate.gov.in/nicgep/app in Two cover Bid System, for the subject Project in compliance with the NIT. Any further changes/ alterations in the aforementioned tender document shall be communicated through the e-procurement website https://cgeproc.cgstate.gov.in/nicgep/app.

| Sr. No. | Name of Project | Date of issue of tender document | Last Date for sending Pre-Bid Queries | Date of Pre-Bid Meeting | Last Date for Submission of Bid (Online) | Last Date for Submission of Bid (Offline) | Date of Bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Selection of Contractor for Balance work with external development for Pandrapath Resort, Dist. Jashpur, Chhattisgarh | 02.11.2026 | 12.11.2026 Till 12:00 PM | 12.11.2026 at 12:00 PM | 03.12.2026 Till 06:00 PM | 03.12.2026 Till 12:00 PM | 05.12.2026 At 12:00 PM |

AO,
Chhattisgarh Tourism Board

**राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़**
द्वितीय तल, एकीकृत शिक्षा भवन, पेंशनबाड़ा, रायपुर

क्रमांक - 4340B — रायपुर, दिनांक - 31/10/2026

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) की सूचना**

समग्र शिक्षा अंतर्गत "Implementation of Artificial Intelligence Based Solutions for Improving Learning Outcomes and Quality or School Education in Chhattisgarh" हेतु शासकीय विद्यालयों में गैर वित्तीय स्वेच्छा से AI सॉलयूशन / सहायता प्राप्त करने के लिए गैर सरकारी / सरकारी संस्थाओं / फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण समग्र शिक्षा के वेबसाईट https://ssachhattisgarh.gov.in में उपलब्ध है। Expression of Interest (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि 22 नवम्बर 2026 तक समय 05:00 बजे तक है। निविदा के नियम एवं शर्ते किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। मात्र उक्त वेबसाईट https://ssachhattisgarh.gov.in में संशोधन की जानकारी दी जावेगी।

अतिरिक्त मिशन संचालक
समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़, रायपुर

S-49663/2

## जी20 बैठक में बोले जयशंकर

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षित सप्लाई चेन अहम

एजेंसी ▶▶| अटलांटा



अटलांटा में जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक चल रही थी। इसमें भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया की सप्लाई चेन की कमजोरी पर बात की। उन्होंने बताया कि महामारी, अलग-अलग देशों के बीच टकराव और जलवायु आपदाओं जैसी कई वजहों से ये सप्लाई चेन बहुत कमजोर हो गई हैं। जयशंकर ने साफ कहा कि अब वक्त आ गया है कि इन व्यवस्थाओं को और पुख्ता बनाया जाए।इसके लिए उन्होंने कहा कि हमें जोखिमों को फैलाना होगा, यानी किसी एक ही स्रोत पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहिए।

**उत्पादन साझा करने पर जोर दिया** : जयशंकर ने औद्योगिक विकास को बढ़ाने की बात कही, लेकिन साथ ही उन्होंने उन गलत बाजार चालों के खिलाफ भी चेताया, जिनसे सभी को नुकसान होता है। उन्होंने जी-20 देशों से कहा कि वे एक बड़ी तस्वीर को देखते हुए साथ मिलकर काम करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि हमें उत्पादन को अलग-अलग क्षेत्रों में बांटना चाहिए, ताकि कोई भी देश किसी संसाधन का इस्तेमाल दूसरे पर दबाव बनाने के लिए न कर सके। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जयशंकर का समर्थन किया। उन्होंने अपनी बात जोड़ते हुए कहा कि जरूरी व्यापार मार्गों को सुरक्षित रखना और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति बढ़ाना दुनिया की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने के लिए बेहद अहम है।

**पूर्व तट रेलवे**
निविदा सं. eT-M-RS-MP-50-PUI-2026

**कार्य का नाम :** पुरी स्थित कोचिंग डिपो में रोलिंग स्टॉक के रखरखाव हेतु मैनपावर (मानव संसाधन) के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु आउटसोर्स करना।
**विज्ञापित मूल्य :** ₹10,66,41,481.35, **EMD:** ₹6,83,200.00, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹11,800/-, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।
**बिड प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 04.11.2026
**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 18.11.2026 को 13:00 बजे।
इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

सहायक डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर/ पुरी
PR-523/R/26-27

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)**
दूरभाष क्रमांक 07868-241559 (का.) फैक्स 241490 ई-मेल आईडी sp-kanker.cg@nic.in

**-:: विज्ञापन ::-**

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग की अधिसूचना क्रमांक ESTB-1/762/2025-HOME SECTION DTD. 31-08-2026 द्वारा अधिसूचित "**छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स), फाईटर आरक्षक सेवा भर्ती (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम 2026**" के अंतर्गत जिला उत्तर बस्तर कांकेर के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

उपरोक्तानुसार इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस व समय पर जमा कर सकते है।

**आवेदन पत्र प्रारंभ** :- दिनांक 02.11.2026
**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि** :- दिनांक 12.12.2026 के सायं 05.00 बजे तक

**रिक्त पदों की संख्या निर्धारण:-** राज्य शासन एवं पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर द्वारा समय-समय पर जारी किये वाले निर्देशों के तहत सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में, समय-समय पर स्थाई या अस्थाई तौर पर वृद्धि या कमी की जा सकेगी।

| जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या (जाति वर्गवार) | | | | योग | जहाँ आवेदन पत्र जमा होगा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अपिव | अजा | अजजा | | |
| कांकेर | 33 | 17 | 05 | 70 | 125 | 01. कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कांकेर 02. कार्यालय अनु. अधिकारी (पुलिस) भानुप्रतापपुर 03. कार्यालय अनु. अधिकारी (पुलिस) अंतागढ़ 04. कार्यालय अनु. अधिकारी (पुलिस) पखांजूर **पंजीकृत भारतीय डाक द्वारा** कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उत्तर बस्तर कांकेर, पिन नं. 494334 को प्रेषित किये जायेंगे |

(भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण), 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश पूर्णतः लागू होंगे।

आवेदन पत्र का विहित प्रारूप, शारीरिक मापदण्ड, शारीरिक योग्यता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं अन्य जानकारी जिला कांकेर के समस्त थाना/चौकी/पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

सम्पूर्ण भर्ती नियम एवं अन्य विवरण छत्तीसगढ़ पुलिस एवं बीजापुर पुलिस की ऑफिशियल वेबसाईट **https://cgpolice.gov.in**, **https://kanker.cgpolice.gov.in** पर उपलब्ध है।

पुलिस अधीक्षक
उत्तर बस्तर कांकेर

G-262704323/2

## पेज एक के शेष

### छग में 2027 में 241 दिन...

से छुट्टी ली तो और काम से फुर्सत के कुछ और दिन बढ़ जाएंगे। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्ष 2027 के लिए सरकारी कार्यालयों में सामान्य और ऐच्छिक अवकाश की सूची जारी कर दी है। सामान्य अवकाश की सूची में 25 छुट्टियां शामिल हैं। इनमें से पांच छुट्टियां शनिवार को पड़ रही हैं, जो पांच दिवसीय कार्य सप्ताह के कारण पहले से ही अवकाश के दिन हैं।

### ऐच्छिक अवकाश सामान्य...

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2027 के दौरान सरकारी कार्यालयों के लिए 241 कार्यदिवस निर्धारित होते हैं। यह गणना सामान्य अवकाशों पर आधारित है; कर्मचारियों द्वारा लिए जाने वाले ऐच्छिक अवकाश इसमें शामिल नहीं हैं।

### अब व्हाट्सएप पर चेक करें...

से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने में सहायता मिलेगी। इससे रोजमर्रा की सेवाएं मोबाइल फोन पर आसानी से उपलब्ध होंगी और लोगों को ईपीएफओ कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम पड़ेगी। मंत्री ने ईपीएफओ के 74वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर निष्क्रिय ईपीएफ खातों के पात्र मामलों में स्वतः निपटान की सुविधा भी शुरू की। इसके तहत आधार से सत्यापित ऐसे निष्क्रिय ईपीएफ खातों के अंशधारकों को अलग से दावा आवेदन जमा करने की जरूरत नहीं होगी, जिनमें 1,000 रुपये तक की राशि जमा है।

## इंडिया गठबंधन की महारैली में गरजे राहुल...

दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 15 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटाए गए। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगा और संविधान को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगा। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निशाने पर लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राहुल ने कहा कि विपक्ष की लड़ाई किसी व्यक्ति या धर्म के खिलाफ नहीं, बल्कि हर भारतीय नागरिक के मताधिकार और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर भी राजनीतिक हमला बोला।

### 'मॉक पार्लियामेंट' में ही बने रहिए पीएम....

चोंकि देश का प्रधानमंत्री बनने की उनकी बारी कभी नहीं आएगी। शाह ने राहुल गांधी के चर्चित नारे 'मोहब्बत की दुकान' पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में मोहब्बत नहीं, बल्कि नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलता। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसका नेतृत्व राजनीतिक रूप से नकारात्मकता फैला रहा है।

**1984 के दंगों की बरसी पर रैली को लेकर सवाल** : शाह ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली की तारीख पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दिन राजनीतिक रैली आयोजित कर पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़का है। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस विवादित बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। शाह ने कहा कि जिस दिन हजारों सिखों की हत्या हुई थी, उसी दिन राहुल गांधी ने दिल्ली में बड़ी राजनीतिक रैली आयोजित की। भाजपा ने पहले ही कांग्रेस से एक, दो और तीन नवंबर को रैली नहीं करने की अपील की थी, लेकिन कांग्रेस ने इसे नजरअंदाज किया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दिल्ली के व्यापारियों की अपील भी नहीं मानी, जिन्होंने दीपावली से पहले महत्वपूर्ण कारोबारी दिनों में रैली के कारण व्यापार प्रभावित होने की आशंका जताई थी।

### जन्मदिन मना रहे युवकों ने जज...

रहे हैं। जब उन्होंने आतिशबाजी करने व नगाड़ा बंद करने के लिए कहा, तब अभय बरूआ और उसके साथियों ने श्री सोनवानी उनकी पत्नी आकांक्षा से मारपीट की। इस दौरान साला अभिषेक भारद्वाज, सास नीरा भारद्वाज साले की पत्नी गुरप्रीत भारद्वाज बीच बचाव करने आ गए। इन सबसे भी मारपीट कर धमकी दी गई। पुलिस ने जज प्रफुल्ल सोनवानी की रिपोर्ट पर प्रॉपर्टी डीलर अभय बरूआ एवं उसके अन्य साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### न्यायाधीश दंपती के खिलाफ...

के परिजन एकत्रित होकर केक काटकर जन्मदिन मना रहे थे। कुछ लोग घर के सामने आतिशबाजी कर रहे थे। उसी समय बाहर से हल्ला सुनाई देने पर विनय वैद्य बाहर निकला तो एक महिला जिसका नाम आकांक्षा सोनवानी है व प्रफुल्ल सोनवानी मारपीट करने लगे, प्रफुल्ल सोनवानी ने अपने साले अभिषेक भारद्वाज को बुला लिया। अभिषेक भारद्वाज कार लेकर पहुंचा तो जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने विनय की रिपोर्ट पर आकांक्षा सोनवानी, प्रफुल्ल सोनवानी, अभिषेक भारद्वाज के खिलाफ अपराध क्रमांक 1596/ 26 धारा 296, 115, 2, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कबरा दंतैल ने दो घंटे के अंदर दो...

सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और शव बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हाथी घटना के बाद राजपुर क्षेत्र की ओर निकल गया है। बताया जा रहा है कि 45 वर्ष वर्षीय विश्वनाथ आ. राजनाथ कोरवा अपने भतीजे बलदेव के साथ बाइक से अपनी बहन के घर अखोरा आया हुआ था। रविवार शाम करीब छह बजे दोनों बाइक से अपने गृह ग्राम खालबेहरा, जिला बलरामपुर लौट रहे थे।

### विमान ईंधन के दाम बढ़े...

डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेट्रोलियम कंपनियों के मुताबिक, दिल्ली में एटीएफ की कीमत 137.12 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 138.50 रुपए प्रति लीटर हो गई है। विमान ईंधन कीमतों में लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी की गई है।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6396



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनीं

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स की बिक्री में 23 फीसदी का उछाल



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अक्टूबर में उसकी कुल बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 75,426 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने पिछले साल के इसी महीने में कुल 61,295 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की उसकी बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 73,894 इकाई हो गई।

### एचएमएसआई की कुल बिक्री में 13 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रविवार को कहा कि घरेलू बाजार और निर्यात को मिलाकर अक्टूबर में उसकी कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 7.34 लाख इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता कंपनी ने अक्टूबर, 2025 में 6.50 लाख इकाइयां बेची थीं। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 5.98 लाख इकाई से 6.64 लाख इकाई हो गई, जबकि निर्यात 35 प्रतिशत बढ़कर 51,644 इकाई से 69,735 इकाई पर पहुंच गया।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की बिक्री 19 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अक्टूबर, 2026 में थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 8,013 वाहन पर पहुंच गई। कंपनी के अनुसार, हाल ही में पेश किए गए मॉडल एमजी हेक्टर टॉमहॉक ईवी और विंडसर इंडल्ज एडिशन को ग्राहकों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, जेएसडब्ल्यू समूह और चीन की एसएआईसी मोटर का संयुक्त उद्यम है।

# 'निष्क्रिय' कंपनियों को बाजार से हटाने काम कर रहा सेबी : पांडेय

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

**सेबी चेयरमैन ने कहा, कृत्रिम तेजी लाने में उपयोग किया जा रहा**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ऐसी सूचीबद्ध कंपनियों को शेयर बाजार से हटाने के लिए काम कर रहा है, जो वास्तव में किसी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों में शामिल नहीं हैं। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि ऐसी कंपनियों की बाजार में मौजूदगी निवेशकों के लिए संभावित खतरा बन सकती है।

पांडेय ने कहा कि शेयर बाजार में कई ऐसी कंपनियां सूचीबद्ध हैं, जिनकी कोई वास्तविक कारोबारी गतिविधि नहीं है।

इन कंपनियों के शेयरों का इस्तेमाल कुछ बाजार संचालक कीमतों में कृत्रिम तेजी लाने और बाद में शेयर बेचकर मुनाफा कमाने यानी 'पंप एंड डंप' गतिविधियों के लिए करते हैं। इससे छोटे और खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए ऐसी कंपनियों को बाजार से हटाना जरूरी है।

#### कुछ कंपनियां अब भी चिंता का विषय

लघु एवं मझोला उद्यम (एसएमई) कंपनियों की सूचीबद्धता व्यवस्था पर पांडेय ने कहा कि नियामक ने इस ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने के लिए परामर्श पत्र के माध्यम से कई बदलाव प्रस्तावित किए हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि पुरानी सूचीबद्ध कंपनियों में से कुछ अब भी चिंता का विषय बनी हुई हैं।

#### निवेश निर्णयों को प्रभावित करते हैं

कंपनियों की कमाई की संभावनाएं, नए क्षेत्रों का विकास, मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरें और वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल भी उनके निवेश निर्णयों को प्रभावित करते हैं।

पांडेय के अनुसार, सेबी का प्रयास भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए पंजीकरण से लेकर निवेश जारी रखने तक की पूरी प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाना है।



#### जोखिम की सीमा तय करने पर होगा विचार

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के संदर्भ में पांडेय ने कहा कि नियामक आने वाले कुछ सप्ताह में एक और परामर्श पत्र जारी कर सकता है। इसमें खासतौर पर खुलासा संबंधी नियम और एक ही जगह निवेश या जोखिम की सीमा संबंधी प्रस्ताव को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक दुनिया के विभिन्न बाजारों में निवेश करते हैं।

#### निवेशकों को फंसाए जाने का जोखिम

सोशल मीडिया और विभिन्न ऑनलाइन समूहों के माध्यम से निवेशकों को ऐसे शेयरों में फंसाए जाने का जोखिम बना रहता है। इससे निपटने के लिए सेबी कृत्रिम मेधा (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर संदिग्ध खातों और गतिविधियों की निगरानी कर रहा है। निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं।

### पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के मुकाबले 63.3 फीसदी अधिक

# तीन सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को दूसरी तिमाही में 30,106 करोड़ रुपए का मुनाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**देश की तीन सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल 30,106 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 68.3 प्रतिशत अधिक है।**

कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भंडारण लाभ की अहम भूमिका रही। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर हो रहे नुकसान और एलपीजी सब्सिडी की बढ़ती बकाया राशि ने कंपनियों की चिंता बढ़ा रखी है। तीनों कंपनियों का सितंबर तिमाही का संयुक्त मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले काफी अधिक रहा। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों को संयुक्त रूप से लगभग 18,150 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस तरह दूसरी तिमाही में कंपनियों ने जोरदार वापसी की है। खास बात यह है कि सितंबर तिमाही का मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 में तीनों कंपनियों के कुल 77,281 करोड़ रुपये के लाभ का करीब 39 प्रतिशत है।

तीनों कंपनियों के प्रदर्शन में इंडियन ऑयल सबसे आगे रही। कंपनी ने सितंबर तिमाही में 21,630 करोड़ रुपये का अबतक का सर्वाधिक एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के 7,610 करोड़ रुपये का करीब तीन गुना है। यह कंपनी के पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के 36,802 करोड़ रुपये के मुनाफे का लगभग 59 प्रतिशत है।

#### चालू वित्त वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा कमाया




#### रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार से मुनाफा बढ़ा

दूसरी ओर, बीपीसीएल का एकल शुद्ध लाभ 22.5 प्रतिशत घटकर 4,993 करोड़ रुपये और एचपीसीएल का मुनाफा नौ प्रतिशत कम होकर 3,483 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में इन दोनों कंपनियों का मुनाफा काफी ऊंचा रहा था। कंपनियों के मुनाफे में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार रहा।

#### सिलेंडर पर नुकसान 370 रुपए पहुंचने का अनुमान

आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने निवेशकों के साथ बातचीत में कहा कि एलपीजी पर प्रति सिलेंडर नुकसान सितंबर में 184 रुपये था, जो अक्टूबर में बढ़कर 229 रुपये हो गया। नवंबर में इसके 309 रुपये और दिसंबर में 370 रुपये प्रति सिलेंडर तक पहुंचने का अनुमान है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बाजार के अनुरूप तय करने की व्यवस्था है, इसलिए इनकी बिक्री पर होने वाला नुकसान कंपनियों को खुद उठाना पड़ता है।

#### कीमतों में गिरावट से 7000 करोड़ रुपए का भंडारण लाभ

इसके अलावा, जून के मध्य से अगस्त के मध्य के बीच कच्चे तेल की कीमतों में अस्थायी गिरावट से कंपनी को करीब 7,000 करोड़ रुपये का भंडारण लाभ हुआ। हालांकि, कंपनियों की वित्तीय स्थिति का दूसरा पहलू भी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मई से स्थिर बनी हुई हैं, जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम मार्च से नहीं बदले हैं।

#### कीमतों में बदलाव नहीं होने से उठाना पड़ रहा नुकसान

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं होने से कंपनियों को बिक्री पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योग सूत्रों के मुताबिक, पिछले महीने तक कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर चार से पांच रुपये और डीजल पर 18 से 20 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा था। एलपीजी के मोर्चे पर भी कंपनियों का घाटा लगातार बढ़ रहा है।

**अमेरिकी मध्यावधि चुनाव पर निवेशकों की रहेगी नजर**

## कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच फिर से संघर्ष की आशंका बढ़ने सहित भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, अमेरिकी मध्यावधि चुनाव, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं पर भी बाजार के निवेशकों की नजर रहेगी।



रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह बाजार का ध्यान सितंबर तिमाही के नतीजों, प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगा। निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन का आकलन करेंगे और यह देखेंगे कि क्या उनकी आय में लगातार वृद्धि, लाभ मार्जिन में मजबूती और मांग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों के नतीजों से ऋण वृद्धि, जमा जुटाने और परिसंपत्तियों की गुणवत्ता का पता चलेगा, जबकि वाहन, उपभोक्ता और औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों के नतीजे घरेलू मांग की स्थिति का व्यापक आकलन करने में मदद करेंगे।

#### रिलायंस को बढ़े हुए मार्जिन का फायदा मिला

कंपनी के तेल से रसायन कारोबार को वैश्विक स्तर पर ईंधन के बढ़े हुए मार्जिन का फायदा मिला, जबकि दूरसंचार कारोबार की वृद्धि ने खुदरा कारोबार के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन की भरपाई की। जियो प्लेटफॉर्म्स ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर, 2026 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 13.7 प्रतिशत बढ़कर 8,389 करोड़ रुपये रहा।

**बिजनेस साइट**

## दिवाली-धनतेरस पर एएन ग्रुप की खास पेशकश

रायपुर। दिवाली और धनतेरस के फेस्टिव सीजन को देखते हुए एएन ग्रुप की इकाईयां आंद्रे इंटरप्राइजेज और एएन ऑटोमोबाइल्स ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लेकर आई हैं। कृषि एवं कंस्ट्रक्शन उपकरणों के क्षेत्र में सक्रिय यह समूह बुल मशीन प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादों की बिक्री, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। आंद्रे इंटरप्राइजेज के माध्यम से बुल इंडिया के ट्रैक्टर अटैचमेंट, विशेषकर लोडर बैकहो की बिक्री की जा रही है। इनकी मदद से किसान और व्यवसायी मिट्टी की खुदाई, जमीन समतल करने, निर्माण सामग्री उठाने, ट्रॉली और ट्रकों में माल भरने जैसे कई काम आसानी से कर सकते हैं। फेस्टिव ऑफर के तहत किसी भी ट्रैक्टर पर बुल का लोडर बैकहो अटैचमेंट खरीदने पर 21 हजार रुपए की सीधी छूट दी जा रही है। नवरात्रि के दौरान इस योजना में 102 मशीनों की बिक्री हो चुकी है। वहीं, एएन




ऑटोमोबाइल्स के माध्यम से बुल की बड़ी कंस्ट्रक्शन मशीनें और बैकहो लोडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन पर ग्राहकों को 60 दिन बाद ईएमआई शुरू होने की सुविधा, एक साल का मुफ्त इंश्योरेंस और एक्सचेंज ऑफर दिया जा रहा है। समूह की ओर से रायपुर, आरंग, अभनपुर, कांकेर, राजनांदगांव और बेमेतरा में बिक्री एवं सर्विस की सुविधा दी जा रही है। एएन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग सेन ने बताया कि त्योहारों के दौरान किसानों और कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े ग्राहकों को बेहतर मशीनें किफायती ऑफर के साथ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## फेस्टिव सीजन में विमल वाटिका और वी स्क्वायर में फैशनेबल परिधानों की नई रेंज

रायपुर। दिवाली और आगामी शादी सीजन को देखते हुए शहर के विमल वाटिका एवं वी स्क्वायर शोरूम में फैशनेबल परिधानों की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित विमल वाटिका और अंबुजा मॉल के पास स्थित नए वी स्क्वायर शोरूम में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए पारंपरिक परिधानों से लेकर आधुनिक फैशन तक के विकल्प मिल रहे हैं।




पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, बंडी, इंडो-वेस्टर्न और एथनिक वियर की नई रेंज उपलब्ध है। वहीं, कॉटन और लिनन के कपड़ों से कस्टमाइज शर्ट, बड़े कॉलर और मल्टीपॉकेट डिजाइन भी पसंद किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए टिशू, क्रेप सिल्क और जूट फैब्रिक में इंडो-वेस्टर्न परिधानों की आकर्षक वैरायटी है। बच्चों के लिए भी फैशनेबल कपड़ों का कलेक्शन मौजूद है। शोरूम में रेमंड, रीड एंड टेलर, ब्लैकबेरी, लेवाइस, यूएस पोलो, जैक एंड जोन्स, डब्ल्यू, स्पाइकर, लिनन क्लब, अरविंद, किलर, एरो, कलर प्लस और पार्क एवेन्यू सहित कई प्रमुख ब्रांड्स के परिधान उपलब्ध हैं। दिवाली पर 20 हजार, 30 हजार और 50 हजार रुपए की खरीदारी पर अलग-अलग उपहार दिए जा रहे हैं।महेश चौधरी ने बताया कि फेस्टिव सीजन में ग्राहकों को उचित कीमत पर बेहतर क्वालिटी और पसंद के डिजाइन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

### लक्जरी गाड़ियों के लिए परिपक्व बाजार बना भारत : जेएलआर



**नई दिल्ली।** जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि भारत अब विशेष रूप से तैयार की गई लक्जरी गाड़ियों के लिए एक परिपक्व बाजार बन चुका है और ग्राहक तेजी से विशिष्ट एवं अपनी पसंद के अनुरूप तैयार किए गए वाहनों को पसंद कर रहे हैं। अंबा ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस लिहाज से भारत ने वास्तव में अपनी जगह बना ली है। पिछले तीन वर्षों में हमें अच्छी सफलता मिली है।''

रेंज रोवर ने शनिवार को विशेष 'रेंज रोवर एसवी सवाई कलेक्शन' पेश किया। दुनिया भर में इसकी केवल 18 गाड़ियां उपलब्ध होंगी। इस संग्रह में सवाई जयपुर एडिशन, सवाई जोधपुर एडिशन और सवाई जैसलमेर एडिशन शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक संस्करण की छह-छह गाड़ियां बनाई गई हैं।

# कोल इंडिया का कोयला उत्पादन अक्टूबर में 19.3 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

**सालाना आधार पर बढ़कर 6.72 करोड़ टन पर**

कोल इंडिया लिमिटेड का अक्टूबर में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 5.64 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था।

सार्वजनिक क्षेत्र की इस खनन कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में उसका उठाव 18.7 प्रतिशत बढ़कर 7.03 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले 5.92 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में सीआईएल का उत्पादन सालाना आधार पर 38.55 करोड़ टन से 0.7 प्रतिशत बढ़कर 38.82 करोड़ टन हो गया। इन सात महीनों के दौरान उठाव 9.2 प्रतिशत बढ़कर 45.46 करोड़ टन हो गया। सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अक्टूबर में 2.08 करोड़ टन के साथ सबसे अधिक उत्पादन दर्ज किया।



#### ईसीएल का उत्पादन 27.9 फीसदी बढ़ा

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) का उत्पादन 27.9 प्रतिशत बढ़कर 46 लाख टन रहा, जबकि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का उत्पादन 26.1 प्रतिशत बढ़कर 73 लाख टन हो गया। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 29 लाख टन का उत्पादन किया।

#### एनसीएल में उत्पादन 4.3 फीसदी गिरा

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) एकमात्र ऐसी प्रमुख अनुषंगी कंपनी रही, जिसने गिरावट दर्ज की और उसका उत्पादन 4.3 प्रतिशत घटकर 1.14 करोड़ टन रह गया। उठाव के मोर्चे पर, डब्ल्यूसीएल ने अक्टूबर में 50.2 प्रतिशत की छलांग के साथ 67 लाख टन का आंकड़ा दर्ज किया, जबकि सीसीएल का उठाव 44.7 प्रतिशत बढ़कर 80 लाख टन हो गया।

## दिल्ली के गिरि ज़ेवर महल का रायपुर में शुभारंभ

रायपुर। दिल्ली के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड गिरि ज़ेवर महल के नए शोरूम 'गिरि ज़ेवर महल अरिहंत' का रविवार को मालवीय रोड स्थित नवकार ज्वेलर्स के समीप शुभारंभ हुआ। रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग पर आयोजित समारोह में परम पूज्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम जी महाराज का सानिध्य मिला। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक अजय चंद्राकर और बस्तर के राजा कमलचंद्र भंजदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। शोरूम में सोने के पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के आभूषणों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी।



इसमें मंगलसूत्र, चूड़ियां, रानी हार, चोकर, झुमकी और विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक ज्वेलरी शामिल हैं। विवाह, त्योहार और अन्य विशेष अवसरों के लिए भी आकर्षक कलेक्शन रखा गया है। **सभी आभूषणों पर 3% मेकिंग चार्ज**-शुभारंभ के अवसर पर सभी प्रकार के आभूषणों पर मात्र 3 प्रतिशत मेकिंग चार्ज की विशेष पेशकश की गई है। ग्राहकों को पुराने सोने की शुद्धता जांचने के लिए गोल्ड टेस्टिंग मशीन की सुविधा भी मिलेगी। शोरूम प्रबंधन के अनुसार, पुराने सोने के एक्सचेंज पर कोई कटौती नहीं की जाएगी। साथ ही सोने की खरीद पर 100 प्रतिशत बायबैक की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शोरूम के संचालक कार्तिक गिरि ने बताया कि दिल्ली में 1990 से शुरू हुई उनकी ज्वेलरी परंपरा का उद्देश्य ग्राहकों को उचित कीमत पर गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराना है। रायपुर में इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए शोरूम की फ्रेंचाइजी का संचालन प्रतीक जैन, लक्ष्य जैन और सुधीर अग्रवाल कर रहे हैं।

## एसबीआई लाइफ ने छत्तीसगढ़ में शुरू की 'बीमा की बात' अभियान

रायपुर। भारत में वित्तीय सेवाओं का विस्तार होने के बावजूद, दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा में जीवन बीमा की भूमिका को लेकर जागरूकता अभी भी सीमित है। इसी कमी को दूर करने के लिए भारत की भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आज 'बीमा की बात' पहल की शुरुआत की। रायपुर से रवाना की गई विशेष कैंटर वैन छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में जाकर लोगों को बीमा के प्रति जागरूक करेगी। ईआरडीएआई की राज्य बीमा योजना के तहत छत्तीसगढ़ में जीवन बीमा के लिए लीड इंश्योरर होने के नाते, यह पहल लोगों को वित्तीय सुरक्षा से जुड़े सही फैसले लेने में सक्षम बनाएगी। इस समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग के एडिशनल डायरेक्टर अंकित मोदी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के वेस्ट जोन के जोनल डायरेक्टर राजीव श्रीवास्तव और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के भोपाल के रीजनल डायरेक्टर अमित कुमार साहा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## वीबी टावर फेज-2 को दूसरे दिन भी मिला शानदार प्रतिसाद

रायपुर। मोवा स्थित कमर्शियल प्रोजेक्ट वीबी टावर फेज-2 के लांच के दूसरे दिन भी ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रोजेक्ट की आधुनिक सुविधाओं, प्राइम लोकेशन और किफायती कीमतों के चलते बड़ी संख्या में व्यवसायियों और निवेशकों ने ऑफिस स्पेस की बुकिंग कराई। वीबी टावर फेज-2 को आधुनिक व्यावसायिक जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। यहां मीटिंग रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, कैफेटेरिया, प्ले एरिया और आकर्षक पोडियम गार्डन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा बिल्डिंग की खुली, हवादार और हरियाली से भरपूर डिजाइन भी लोगों को आकर्षित कर रही है। कंपनी के डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि फेज-1 की सफलता के बाद फेज-2 को भी मिल रहा प्रतिसाद ग्राहकों के विश्वास और रायपुर में आधुनिक कमर्शियल स्पेस की बढ़ती मांग को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट में बेहतर कार्य वातावरण और आधुनिक सुविधाओं के साथ किफायती कीमतों का विशेष ध्यान रखा गया है।



**अक्टूबर में पिछले चार वर्षों की सबसे तेज वृद्धि दर्ज**

# अक्टूबर में हुआ दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का जीएसटी संग्रह अक्टूबर में सालाना आधार पर 22.9 फीसदी बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह अक्टूबर में पिछले चार वर्षों की सबसे तेज वृद्धि है। इसी के साथ यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा जीएससी संग्रह है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में रिकॉर्ड करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, आयात से मिलने वाले जीएसटी में तेज बढ़ोतरी ने कुल संग्रह को मजबूत किया। अक्टूबर में आयात से मिलने वाला कर 42.2 फीसदी बढ़कर 72,246 करोड़ रुपये रहा, जबकि घरेलू जीएसटी संग्रह 15.8 फीसदी बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। खास बात ये है कि चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब सरकार को दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी मिला है। जुलाई में संग्रह 2.11 लाख करोड़ और सितंबर में 2.04 लाख करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर के कुल जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का योगदान 42,935 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) का 51,340 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का योगदान 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे त्योहारी सीजन के कारण मांग मजबूत बने रहने की उम्मीद है और अगले महीने भी जीएसटी संग्रह अच्छा रह सकता है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 13.2 फीसदी बढ़कर 14.78 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 13.05 लाख करोड़ रुपये था।



# छत्तीसगढ़ हॉकी लीग: मैनपाट टाइटंस ने जीता पहला खिताब




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- फाइनल में संस्कारधानी स्ट्राइकर्स को 4-2 से हराया
- शाहरुख अली चुने गए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट
- आशीष तानी पूर्ति रहे शीर्ष स्कोर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के पहले सीजन का खिताब मैनपाट टाइटंस ने अपने नाम कर लिया। रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मैनपाट टाइटंस ने संस्कारधानी स्ट्राइकर्स को 4-2 से शिकस्त दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की मौजूदगी में विजेता टीम ने ट्रॉफी उठाई। मुकाबले की शुरुआत से ही मैनपाट टाइटंस ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआती मिनटों में गोल करने के मौके बनाए। पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में अभिषेक यादव ने रिवर्स फ्लिक से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने वापसी करते हुए प्रहलाद राजभर के गोल से स्कोर बराबर कर दिया।



## 12 दिन में 108 खिलाड़ियों को मिला अवसर

छत्तीसगढ़ सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से हॉकी इंडिया की स्वीकृति से आयोजित इस लीग में छह टीमों ने हिस्सा लिया। 12 दिन तक चले टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के 108 स्थानीय खिलाड़ियों को देश के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए स्थानीय खिलाड़ियों को अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों के साथ खेलते देखकर प्रसन्नता जताई।

## विजेता मैनपाट टाइटंस को मिले 11 लाख

तीसरे क्वार्टर में मुकाबला और रोमांचक हो गया। दोनों टीमों ने गोल के लिए लगातार प्रयास किए और स्कोर 2-2 की बराबरी पर पहुंच गया। अंतिम क्वार्टर में मैनपाट टाइटंस के मोहित नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। उनके इन गोलों की बदौलत टीम ने 4-2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मोहित को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में कुल 21 लाख रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई थी। विजेता मैनपाट टाइटंस को 11 लाख और उपविजेता संस्कारधानी स्ट्राइकर्स को 6 लाख रुपए दिए गए। शाहरुख अली को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, जबकि 13 गोल करने वाले आशीष तानी पूर्ति शीर्ष स्कोरर रहे। हिमांशु को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, मोहित नायक को सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ खिलाड़ी और संदीप कुमार को उभरते खिलाड़ी (अंडर-21) का पुरस्कार मिला।

### टीम इंडिया ने 3-2 से जीती सीरीज

# न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीता आखिरी टी20

एजेंसी ⏭ हैमिल्टन

भारत को टिम सीफर्ट को शुरू में ही जीवनदान देना महंगा पड़ा क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाकर 50 गेंद पर 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दो ओवर शेष रहते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की।

भारत पहले तीन मैच जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल कर चुका था। इस तरह से उसने श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। सीफर्ट जब 13 रन पर खेल रहे थे तब नमन धीर ने उनका आसान कैच टपका दिया। उन्होंने इसके बाद 11 चौकों और 5 छक्कों से सजी अपनी पारी से भारतीय गेंदबाजों को पस्त किया। ग्लेन फिलिप्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 38 गेंद पर नाबाद 65 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाकर 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की।




### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का ब्रेसवेल बो मिल्ने | 04 | 10 | 0 | 0 |
| अभिषेक का मिचेल बो मिल्ने | 01 | 2 | 0 | 0 |
| ईशान का स्मिथ बो टिकनर | 61 | 32 | 5 | 5 |
| अय्यर का सीफर्ट बो स्मिथ | 50 | 23 | 3 | 4 |
| तिलक का एवं बो स्मिथ | 06 | 8 | 0 | 0 |
| नमन का ब्रेसवेल बो टिकनर | 33 | 23 | 4 | 1 |
| रेड्डी का फिलिप्स बो मिल्ने | 22 | 17 | 2 | 1 |
| भुवनेश्वर का मिचेल बो मिल्ने | 06 | 4 | 1 | 0 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |
| अर्शदीप नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07 कुल योग: 20 ओवर में 191/8
गेंदबाजी: डफी -0-27-0, मिल्ने 4-0-19-4, स्मिथ3-0-28-2, टिकनर4-0-38-2, सैंटनर4-0-39-0, ब्रेसवेल 2-0-38-0.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट बो रेड्डी | 93 | 50 | 11 | 5 |
| एलन का ईशान बो अर्शदीप | 02 | 3 | 0 | 0 |
| मिचेल का अभिषेक बो चक्रवर्ती | 29 | 16 | 0 | 4 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 65 | 38 | 8 | 3 |
| वेवन जैकब्स नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05 कुल योग: 18 ओवर में 195 रन/3
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-41-0, अर्शदीप 4-0-40-1, प्रिंस3-0-35-0, चक्रवर्ती 4-0-45-1, रेड्डी 2-0-19-1, अभिषेक1-0-13-0.

## न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में बनाए 59 रन

न्यूजीलैंड ने इस तरह से पावर प्ले में विकेट पर 59 रन बनाए। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल को आउट करके सीफर्ट के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी तोड़ी। सीफर्ट ने नीतीश कुमार रेड्डी पर छक्का लगाकर 34 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। नीतीश ने सीफर्ट को बोल्ड करके उन्हें अपने करियर का पहला शतक नहीं बनाने दिया लेकिन तब तक वह फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा चुके थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। फिलिप्स ने अर्शदीप पर चौका लगाकर 29 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।



## श्रेयस और ईशान ने लगाए अर्धशतक

भारत ने श्रृंखला में पहली बार टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (23 गेंद पर 50, 3 चौके, 4 छक्के) और ईशान किशन (32 गेंद पर 61, 5 चौके, 5 छक्के) के बीच 107 रन की साझेदारी की मदद से 8 विकेट पर 191 रन बनाए। भारत को अपेक्षाकृत कम स्कोर पर रोकने में एडम मिल्ने ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए। नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। अर्शदीप सिंह ने फिन एलन को जल्द ही चलता कर दिया। उन्हें अपने अगले ओवर में सीफर्ट का विकेट भी मिल जाता लेकिन नमन ने उन्हें जीवनदान दिया। उन्होंने इसका जश्न छक्का लगाकर मनाया। डेरिल मिचेल (16 गेंद पर 29, चार छक्के) ने प्रिंस यादव का स्वागत लगातार दो छक्के लगाकर किया जबकि सीफर्ट ने पावर प्ले के आखिरी ओवर में भुवनेश्वर पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 20 रन बटोरे।




## ईशान ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

ईशान किशन ने टी20आई में अपने 2000 रन 69 पारियों में पूरे किए और उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा ने ये उपलब्धि अपने 77वें मैच में हासिल किया था। इस लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने टी20आई में 2000 रन 56 पारियों में पूरे किए थे जबकि रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने रन के इस आंकड़े को 56 पारियों में छू लिया था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर केएल राहुल हैं जिन्होंने ऐसा 64 पारियों में पूरा किया था। इस लिस्ट में अभिषेक शर्मा तीसरे जबकि इशान किशन अब चौथे तो वहीं रोहित शर्मा 5वें नंबर पर चले गए।

## टीम इंडिया ने एक कैलेंडर ईयर में ठोके 400 टी20 सिक्स

टीम इंडिया ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में आज तक कोई दूसरी टीम नहीं कर सकी। टीम इंडिया अब एक कैलेंडर ईयर में 400 छक्के लगाने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने नाम किया।भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को हैमिल्टन के सेडन पार्क में सीरीज के आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने कुल 11 छक्के लगाए। इसी के साथ भारतीय टीम के इस साल टी20 इंटरनेशनल में छक्कों की संख्या 400 तक पहुंच गई। भारत ने यह उपलब्धि महज 40 मुकाबलों में हासिल की है।

## भारत ने न्यूजीलैंड से जीती लगातार छठी सीरीज

भारत ने हालांकि न्यूजीलैंड के सामने लगातार छठी टी20 सीरीज जीती। उसने इस टीम के सामने 2019 के बाद से इस फॉर्मेट में सीरीज नहीं गंवाई है। तब से भारत ने तीन बार घर और तीन बार बाहर कीवी टीम के सामने टी20 सीरीज जीती है। 2019 के बाद से दोनों के बीच द्विपक्षीय टी20 सीरीज में कुल 24 मैच हुए हैं। इनमें से 18 भारत ने जीते व चार गंवाए हैं। दो के नतीजे नहीं निकले।

## फिलिप्स ने बनाए सर्वाधिक रन

फिलिप्स ने इस श्रृंखला में 341 रन बनाए, जो किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले भारतीय पारी तीन चरणों में गुजरी। उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन बीच के ओवरों में उसने तेजी से रन बनाए और डेथ ओवरों में फिर से कुछ खास नहीं कर पाए।

## खबर संक्षेप

### सेनेगल में युवा ओलंपिक खेलों का रंगारंग उद्घाटन



**डकार।** सेनेगल और अफ्रीकी संस्कृति से सरोबार युवा ओलंपिक खेलों का रंगारंग उद्घाटन किया गया। यह पहला अवसर है जबकि अफ्रीका महाद्वीप में किसी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सेनेगल की राजधानी डकार के पास स्थित डायम्न्याडियो ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में हजारों दर्शकों ने भाग लिया। सैकड़ों ढोल वादकों और नर्तकों ने खेलों के आदर्श वाक्य, 'अफ्रीका स्वागत करता है, डकार जश्न मनाता है' की तर्ज पर सेनेगल और अफ्रीकी संस्कृति की शानदार झलक पेश की। उद्घाटन समारोह में पश्चिम अफ्रीका का मौखिक कथावाचन, सेनेगल के गायकों के संगीत कार्यक्रम और खिलाड़ियों की परेड देखने को मिली।

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने मलेशिया को दी शिकस्त

**जालंधर।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के हैट्रिक गोल की बदौलत भारत ने रविवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया को 4-2 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत ने हाल ही में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक मैच में भी मलेशिया को 5-1 से हराया था। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत और मलेशिया के अलावा दक्षिण कोरिया तथा जापान ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत सोमवार को अपने आखिरी राउंड रॉबिन मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा, जबकि मलेशिया का सामना जापान से होगा। हरमनप्रीत ने तीसरे, 33वें और 58वें मिनट में गोल दागकर शानदार हैट्रिक लगाई। उन्होंने दो गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए, जबकि एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए आया। स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने 43वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत की बढ़त मजबूत की।

- एथलेटिक्स की तीन स्पर्धाओं में जीते पदक

# थाईलैंड में स्वाति सोनी ने बढ़ाया देश का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी स्वाति सोनी ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित एसबीसेएफ इंटरनेशनल ओपन गेम में शानदार प्रदर्शन कर देशका गौरव बढ़ाया है।

प्रतियोगिता में उन्होंने तीन स्पर्धाओं में पदक हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन की ओर से आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 30 अक्टूबर 2026 तक हुई। इसमें स्वाति सोनी ने व्यक्तिगत प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लेते हुए योगा और एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया।




## योगा में जीता स्वर्ण पदक

स्वाति ने योगा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, शॉट पुट (गोला फेंक) में भी प्रथम स्थान हासिल कर एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा लॉन्ग जंप (लंबी कूद) में उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक जीता। तीन स्पर्धाओं में उनकी यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। स्वाति की सफलता से छत्तीसगढ़ सहित देश का मान बढ़ा है। उनकी इस उपलब्धि को महिला खिलाड़ियों और उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

## वियना ओपन : नंबर एक का ताज पहनने से पहले हारे ज़्वेरेव

**वियना।** अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को पहली बार विश्व का नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी का ताज पहनने से पहले हार का सामना करना पड़ा। ज़्वेरेव एर्स्टे बैंक ओपन के सेमीफाइनल में एलेक्स डी मिनौर से हारने के के कारण अपनी इस उपलब्धि को यादगार नहीं बना पाएंगे। डी मिनौर ने निर्णायक टाईब्रेक में शुरुआती 3-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-4, 1-6, 7-6 (4) से जीत हासिल की। इससे उनकी सत्र के आखिरी टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ गई हैं। ज़्वेरेव सोमवार को यानिक सिनर की जगह नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। यह जर्मन खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले 30वें खिलाड़ी होंगे। फाइनल में डी मिनौर का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। अल्काराज ने दूसरे सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-4, 7-6 (2) से हराया।

# हांगकांग सिक्सेस 2026 : भारत की बांग्लादेश के खिलाफ रोमांचक जीत

- अफगानिस्तान ने जीता ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब

एजेंसी ⏭ हांगकांग



भारत ने हांगकांग सिक्सेस 2026 में अपने अभियान का समापन जीत के साथ किया जब टीम ने यहां बाउल डिवीजन के प्लेऑफ मुकाबले में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया। भारत ने 117 रन का लक्ष्य मैच की आखिरी गेंद पर हासिल किया।

अफगानिस्तान ने रोमांचक फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर पहली बार हांगकांग सिक्सेस का खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे बांग्लादेश ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले ओवर में 24 रन बनाए। हालांकि भारतीय कप्तान कृणाल पंड्या ने अपने दो ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेकर विपक्षी टीम की रफ्तार पर अंकुश लगाया। उन्होंने शब्बीर रहमान, एम चौधरी और मोहम्मद रिजवान को आउट किया। बांग्लादेश के कप्तान अबू हैदर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। बांग्लादेश ने छह ओवर में 116 रन बनाए।

## शशांक ने महज 15 गेंद में ठोक 50 रन

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शशांक सिंह और राहुल त्रिपाठी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। त्रिपाठी ने 12 गेंद में 32 रन बनाए, जबकि शशांक ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए महज 15 गेंद में 50 रन ठोक दिए। उनकी पारी में एक चौका और सात छक्के शामिल थे।

### हाइलो ओपन

# सिंधू और लक्ष्य ने जीते खिताब भारत को मिली दोहरी सफलता



एजेंसी ⏭ सारब्रकेन

पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने रविवार को हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे गेम में जीत दर्ज करते हुए क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किए, जिससे भारत को दोहरी सफलता मिली।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने डेनमार्क की विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ड को हराकर मौजूदा सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। =पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के 39 मिनट तक चले फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त केयर्सफेल्ड को 21-12, 21-14 से शिकस्त दी। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल फाइनल में जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से हराकर भारत की दोहरी सफलता सुनिश्चित की।

## मेरे लिए हर अंक महत्वपूर्ण था : सिंधू

सिंधू ने कहा, 'मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो मैं अपना शत-प्रतिशत प्रदर्शन करूं। हम कई बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं और मेरे लिए हर अंक पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मेरे लिए हर अंक महत्वपूर्ण था।' उन्होंने कहा, ' मैंने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी और उसे वापसी का कोई मौका नहीं दिया।'

## सिंधू ने बनाए रखा गेम में दबदबा

सिंधू ने गेम में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने 4-2 की बढ़त बनाई और फिर कुछ विनर शॉट लगाकर स्कोर 6-3 कर दिया। केयर्सफेल्ड ने वापसी करते हुए स्कोर 6-7 किया लेकिन इसके बाद वह दो शॉट बाहर मार बैठीं। सिंधू ने एक और विनर लगाकर अपनी बढ़त को 10-6 किया। सिंधू ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखते हुए स्कोर 17-11 किया जबकि डेनमार्क की खिलाड़ी को नेट पर अपने खेल को लेकर जूझना पड़ा। सिंधू ने आक्रामक रिटर्न शॉट के साथ छह चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए और फिर नेट पर केयर्सफेल्ड की गलती का फायदा उठाकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया।

### चेन्नई ओपन में भारतीय खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका

# वैष्णवी-सहजा-माया घरेलू कोर्ट पर दिखाएंगी दम

एजेंसी ⏭ चेन्नई

डब्ल्यूटीए के मुख्य टूर कैलेंडर से भारत की मेजबानी छिनने की आशंका के बीच सोमवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वैष्णवी अडकर, सहजा यमलापल्ली और माया राजेश्वरन रेवती के पास अपने घरेलू मैदान पर छाप छोड़ने का आखिरी मौका होगा।

इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट के एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया है और वह इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे क्योंकि उन्हें पता है कि यह टूर्नामेंट देश में डब्ल्यूटीए 250 स्तर का अंतिम टूर्नामेंट है। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 300 से बाहर चल रही इन तीनों खिलाड़ियों के लिए डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंटों में सीधे प्रवेश पाना अभी दूर की कौड़ी है। घरेलू टूर्नामेंट होने के कारण उन्हें वाइल्ड कार्ड से अपना कौशल दिखाने का मौका मिला है। उन्हें हालांकि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का डटकर सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



## माया ने दिया प्रतिभा का परिचय

सत्रह वर्षीय माया विश्व रैंकिंग में शीर्ष 500 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं है। माया ने हाल ही में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट में अपना पहला पेशेवर एकल खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने लागोस में युगल खिताब भी जीता।चेन्नई ओपन के पिछले दो टूर्नामेंट में कोई भी भारतीय खिलाड़ी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया और इस बार उनका लक्ष्य इससे आगे बढ़ना होगा।

## वैष्णवी का सामना बुरेज से

*वैष्णवी ब्रिटेन की जोडी बुरेज (विश्व रैंकिंग 471) के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि सहजा स्विट्जरलैंड की सिमोना वाल्टरट (128) का सामना करेंगी। माया का मुकाबला पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 106वें स्थान पर कातारजीना कावा से होगा। पिछले कुछ दिनों में कई खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद इस प्रतियोगिता की चमक फीकी पड़ गई है। टूर्नामेंट से हटने वालों में थाईलैंड की विश्व में 57वें नंबर की खिलाड़ी लैनलाना तारारुदी, कजाकिस्तान की विश्व में 67वें नंबर की खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा और जर्मनी की विश्व में 70वें नंबर की खिलाड़ी तात्याना मारिया शामिल हैं।*




# सहारा रेगिस्तान में मिला मंगल ग्रह का 4.1 अरब साल पुराना उल्कापिंड

*वैज्ञानिकों ने सहारा रेगिस्तान में मंगल ग्रह से आए एक उल्कापिंड की खोज की है। इस उल्कापिंड की उम्र 4.1 अरब साल बताई जा रही है। इसे पृथ्वी पर मिले मंगल ग्रह का सबसे पुराना टुकड़ा भी माना जा रहा है।*

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने इस उल्कापिंड की जांच के बाद दावा किया है कि यह चट्टान इस बात का सबूत है कि अरबों साल पहले मंगल ग्रह की सतह के नीचे पानी मौजूद था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मंगल ग्रह पर कभी जीवन रहा होगा। साइंस जर्नल प्रकाशित रिसर्च पेपर के अनुसार, मंगल ग्रह से आए इस उल्कापिंड का नाम तेगाजा 001 रखा गया है। इस उल्कापिंड को 2022 में माली में खोजा गया था।

## वैज्ञानिकों ने खोजा पानी का सबूत

### साइंस जर्नल में प्रकाशित हुई रिसर्च

पृथ्वी की सतह से टकराने के बाद यह उल्कापिंड कई टुकड़ों में टूट गया था। वैज्ञानिकों ने तेगाजा 001 उल्कापिंड के आठ टुकड़ों को खोजा है। इनमें सबसे बड़ा टुकड़ा आकार में इंसानों की मुट्ठी के बराबर का है। तेगाजा 001 का रंग गुलाबी है। हालांकि, पृथ्वी के वातावरण के संपर्क में आने से घर्षण के कारण इसके रंग में कुछ बदलाव भी हुए हैं।



### मंगल की सतह पर पानी की मौजूदगी का खुलासा

वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च पेपर में बताया है कि यह चट्टान तब बनी थी, जब मंगल ग्रह पर पिघला हुआ लावा सतह के नीचे पानी के संपर्क में आने से ठंडा हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि इस उल्कापिंड में मौजूद कई खनिजों में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अलग-अलग रूपों में मिले हैं। इससे यह पता चलता है कि 4.1 अरब साल पहले मंगल ग्रह के सतह के नीचे पानी का बहाव मौजूद था। यह पानी जब पिघले हुए चट्टानों के संपर्क में आया, तब इसका वजूद मिटना शुरू हुआ था।

### मंगल ग्रह के शुरुआती वातावरण का सबूत

रायटर्स से बात करते हुए इस स्टडी को लीड करने वाले **NASA** के प्लैनेटरी साइंटिस्ट यांग लियू ने बताया कि तेगाजा 001 उल्कापिंड मंगल ग्रह के शुरुआती वातावरण को समझने में बड़ी मदद कर सकता है। यह इस बात का सबूत है कि मंगल ग्रह 4.1 अरब साल पहले गीला और गर्म था। उन्होंने यह भी बताया कि वैज्ञानिकों ने इस उल्कापिंड में मौजूद जिरकॉन क्रिस्टल की स्टडी करके इसके उम्र का पता लगाया है, जो 4.1 अरब साल पुरानी है।

## रोचक खबरें

### पत्थर बन चुका था बच्चा! 3 साल तक पेट में लेकर घूमती रही महिला

**मोगादिशु।** सोचिए एक महिला मां बनने वाली हो, लेकिन अंदरूनी दिक्कतों की वजह से गर्भ में ही बच्चे की मौत हो जाए, और शरीर उसे बाहर निकालने के बजाय उसे कैल्शियम जमा करके पत्थर जैसा बना दे। सोमालीलैंड में ऐसा ही एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां 42 साल की एक महिला के पेट से करीब 3 साल बाद 'पत्थर का बच्चा' निकाला गया है। सोमालीलैंड की रहने वाली इस महिला को पिछले 3 साल से पेट के नीचे के हिस्से में बहुत तेज दर्द और भारीपन था। पहले उसने इसे आम दर्द समझा, लेकिन धीरे-धीरे दर्द बढ़ता गया। जब दर्द बर्दाश्त नहीं हुआ तो वह डॉक्टर के पास गई। डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन किया तो वे भी हैरान रह गए। महिला के पेट के अंदर एक भ्रूण का कंकाल मिला, जो पूरी तरह कैल्शियम जमने से पत्थर जैसा सख्त हो चुका था। यह जानकारी लाइव साइंस ने 'इंटरनेशनल मेडिकल केस रिपोर्ट्स जर्नल' में छपी एक स्टडी के हवाले से दी है। डॉक्टरों के मुताबिक, इस दुर्लभ स्थिति को लिथोपेडियन या स्टोन बेबी कहा जाता है। यह तब होता है जब गर्भ में पल रहा बच्चा गर्भाशय के बाहर पेट में बनने लगता है और किसी वजह से उसकी मौत हो जाती है। भ्रूण का आकार बड़ा होने से शरीर उसे सोख नहीं पाता। इसलिए शरीर खुद को बचाने के लिए मृत भ्रूण के चारों ओर कैल्शियम की परत जमा करने लगता है। धीरे-धीरे वही भ्रूण पत्थर जैसा सख्त हो जाता है। पिछले 400 सालों में दुनिया भर में ऐसे सिर्फ 330 से 340 मामले ही दर्ज हुए हैं।



### आंखों पर पट्टी बांधकर बनाते हैं मिट्टी के बर्तन, दूर-दूर से देखने आते लोग

**बुरहानपुर।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। घरों की सजावट से लेकर पूजन सामग्री की खरीदारी तक के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। इसी बीच मध्य प्रदेश के बुरहानपुर के खैराती बाजार क्षेत्र में रहने वाले सुरेश प्रजापति अपनी अनोखी कला और पारंपरिक हुनर के चलते आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुरेश आंखों पर पट्टी बांधकर मिट्टी के बर्तन बनाते हैं। उनकी इस कला को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। सुरेश प्रजापति ने एक बातचीत में कहा कि वह मिट्टी के बर्तन बनाने में माहिर हैं। उनकी खासियत यह है कि वह आंखों पर पट्टी बांधकर भी अपने हाथों से मिट्टी को आकार देते हुए बर्तन तैयार कर लेते हैं। उनके हाथों का हुनर और मिट्टी पर पकड़ इस कला को खास बनाती है। उनकी इस अनोखी प्रतिभा को देखने के लिए लोग उत्सुक रहते हैं। मिट्टी से विभिन्न आकार के बर्तन तैयार करना उनकी मेहनत, अनुभव और वर्षों के अभ्यास को दर्शाता है। सुरेश प्रजापति के परिवार में मिट्टी के बर्तन बनाने का काम लंबे समय से किया जा रहा है। खास बात यह है कि परिवार की दूसरी पीढ़ी भी इस पारंपरिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है। आज के आधुनिक दौर में जहां बाजारों में कई तरह के सजावटी और कृत्रिम सामान उपलब्ध हैं, वहीं मिट्टी के बर्तनों की अपनी अलग पहचान बनी हुई है। दीपावली जैसे त्योहारों पर इनकी मांग और बढ़ जाती है। दीपावली पर पूजन में उपयोग होने वाले मिट्टी के दीये और अन्य बर्तन लोगों की जरूरत का अहम हिस्सा हैं। सुरेश प्रजापति भी त्योहार को देखते हुए विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन तैयार कर रहे हैं।



## नेचुरल जीवन

### एग्रो टूरिज्म के तहत इस होटल को चलाना शुरू किया

# 100 बीघे में गोबर से बना देसी होटल, प्रकृति के बीच अद्भुत सुकून

**सीकर।** जिंदगी की भागदौड़ से थका हुआ इंसान सुकून की तलाश में प्रकृति के बीच जाता है। प्रकृति के बीच अगर कोई वैदिक कुटी बनी हो और वहां पर ठहरने का मौका मिल जाए तो शरीर में ताजगी आ जाती है। गोमाता की सेवा, चूल्हे की रोटी और देसी साग-सब्जी का स्वाद रोमांचित कर देता है। इसी सोच के साथ राजस्थान के सीकर में एक देसी होटल शुरू किया गया, जहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। गोबर से बना यह होटल करीब 100 बीघा में फैला हुआ है। घुड़सवारी करते हैं, गाय के सेवा करते हैं और प्रकृति के बीच रहकर नेचुरल जीवन का आनंद उठाते हैं गोबर से 100 बीघे में बने इस होटल का नाम 'जोर की ढाणी' है। सुशील राठौर इसकी मालिक है। 2005 में उन्होंने खेतों में अपना घर बनाया। 2007 में एग्रो टूरिज्म के तहत इस होटल चलाना शुरू किया। सुशीला राठौर बताती हैं कि जमीन उनकी पुश्तैनी थी।



### खूबसूरत घर

गांव से दूर जो मकान बनते हैं, उन्हें राजस्थान में ढाणी कहा जाता है। 'जोर की ढाणी' का मतलब गांव से दूर बने ऐसे घर जो बहुत ही खूबसूरत और सबसे अच्छे हैं। इस देसी होटल में करणी माता का भी एक कमरा है। इन घरों में पंखे चलाने भर से ठंड का अहसास होता है। मिट्टी के बने ये कमरे ठंड के सीजन में गर्माते हैं और गर्मियों में ठंडक देते हैं। सुशीला राठौर बताती है कि सबसे पहले गेस्ट यूएस से आए थे। 7 दिन रुके थे। अब हर साल 15-17 देशों से गेस्ट जोर की ढाणी में आते हैं।

### 1200 से लेकर 4000 रुपए तक रूम का रेंट

सुशीला बताती हैं कि उनके पास दिल्ली से करीब 150 परिवार हर छह माह में आते हैं। 7 दिन रुकते हैं। इस देसी होटल में रूम का किराया अलग-अलग है। 1200 से लेकर 4000 रुपए तक रूम का रेंट है। प्रतिदिन 700 रुपए खाने का चार्ज है। पूरा होटल 100 बीघे में है। 12x10 फीट का रूम रेंट 2000 रुपए प्रति रात्रि है। चार लोगों के ठहरने के लिए 28 फीट लंबा और 23 फीट चौड़ा रूम बनवाया हुआ है। इसका किराया 3200 रुपए है। इसमें डबल बेड हैं। इसमें एसी नहीं है और ना ही इसकी जरूरत है।

### कमरों में जमीन पर बैठकर खाने की व्यवस्था

इतना ही नहीं, इसी होटल में एक कृत्रिम झरना भी बनाया गया है। ओखल-मूसल, हल जैसे किसानों की चीजें भी इस होटल में रखी हुई हैं। सर्दियों में योग करने के लिए मिट्टी के मंच की व्यवस्था है। सुशीला राठौर ऑर्गेनिक खेती करती हैं। उन्हें 2018 में भारत सरकार की ओर से अवॉर्ड भी मिल चुका है। सुशीला बताती हैं कि कमरों में जमीन पर बैठकर ही खाने की व्यवस्था है। इसी होटल में कई तरह के मसाले तैयार होते हैं। ऑर्गेनिक आइटम तैयार किए जाते हैं। खेतों में बने इस होटल में देश-दुनिया से लोग आते हैं। प्रकृति के बीच रहते हैं। सुकून पाते हैं।

### इस देश में मिल रही रोबोट डॉग घुमाने की नौकरी, 4 से 6 घंटे की होगी ड्यूटी



**वॉशिंगटन।** आज के समय में टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से बदल रही है कि कई ऐसे काम भी सामने आ रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा। अब तक आपने लोगों को कुत्तों को टहलाने के बदले पैसे कमाते हुए देखा या सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि किसी रोबोट डॉग को घुमाने के भी पैसे मिल सकते हैं? अमेरिका में एक कंपनी ने लोगों को ऐसा ही अनोखा काम करने का मौका दिया है।

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक स्टार्टअप कंपनी ने रोबोट डॉग ऑपरेटर रखने की शुरुआत की है। इस काम के लिए कंपनी लोगों को हर घंटे करीब 20 डॉलर यानी लगभग 1,700 रुपए दे रही है। इस नौकरी में लोगों को रोबोट डॉग के साथ सैन फ्रांसिस्को की सड़कों पर घूमना होगा। रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेटर को रोजाना करीब 4 से 6 घंटे तक रोबोट के साथ समय बिताना पड़ सकता है। आमतौर पर लोग अपने पालतू कुत्तों को सुबह या शाम टहलाने के लिए बाहर ले जाते हैं। इसके बदले कई जगहों पर डॉग वॉकर को पैसे भी दिए जाते हैं। ऐसे रोबोट को चलाने और संभालने के लिए तकनीकी जानकारी के साथ सावधानी भी जरूरी होती है। सड़क पर चलते समय आसपास के लोगों, वाहनों और रास्ते में आने वाली दूसरी चीजों का ध्यान रखना पड़ता है। रोबोट के बंद हो जाने या चलते समय किसी तरह की परेशानी आने पर ऑपरेटर को स्थिति संभालनी पड़ सकती है।

# ओडिशा के समंदर किनारे दुर्लभ कछुओं का प्रजनन शुरू

### 160 किमी में 7 महीने के लिए मछली पकड़ने पर बैन

**पुरी।** 'ओलिव रिडले' कछुओं के प्रजनन काल को सुरक्षित बनाने के लिए ओडिशा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 1 नवंबर से 31 मई तक धामरा से देवी मुहाने के बीच 160 किलोमीटर के समुद्री दायरे में मछली पकड़ने और मशीनीकृत नावों के चलने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दुनियाभर में प्रसिद्ध गहिरमथा अभयारण्य सहित तटीय इलाकों से 20 किलोमीटर अंदर तक का क्षेत्र पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कछुओं की सुरक्षा के लिए तटों पर 14 विशेष शिविर बनाए गए हैं और सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है। हालांकि, विभाग के पास गश्ती बोट खराब होने जैसी संसाधनों की कमी एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद, वन विभाग तीन नए ट्रॉलरों के जरिए गश्त मजबूत कर मेहमान कछुओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है।



कछुओं के अंडों और उनकी सुरक्षा के लिए तट पर 14 विशेष सुरक्षा कैंप बनाए जा रहे हैं। बाबूबाली और शासनपेटा जैसे संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र पुलिस बल भी तैनात रहेगा। वन विभाग अवैध शिकार को रोकने के लिए समुद्री गश्त तेज करने का दावा कर रहा है।

### क्यों जरूरी है यह पाबंदी?

गहिरमथा समुद्री अभयारण्य दुनिया में ओलिव रिडले कछुओं का सबसे बड़ा आशियाना माना जाता है। कछुओं की सुरक्षा के लिए गहिरमथा में तो सालभर पाबंदी रहती है, लेकिन अब प्रजनन काल को देखते हुए तट से 20 किलोमीटर अंदर तक के इलाके को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। इस दौरान ट्रॉलरों और नावों का शोर या उनकी आवाजाही इन मेहमानों के जीवन को खतरे में डाल सकती है।

**अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा :** हालांकि, जमीनी हकीकत थोड़ी चिंताजनक है। कछुओं की सुरक्षा में तैनात वन विभाग खुद संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। विभाग को मिली दो मुख्य स्पीड बोट लंबे समय से खराब पड़ी हैं और फिलहाल उनके पास सिर्फ एक ट्रॉलर ही चालू हालत में है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com